विकास की दृष्टि से वैश्विक अर्थव्यवस्था का मार्ग विषमता से भरा है। आर्थिक विकास के लिए अपनाई गई कार्यनीतियाँ भी विभिन्न प्रकार की है। उदाहरण के लिए यूएस ने हाल ही में संरक्षणात्मक विचार की नीति को अपनाया है जबकि अन्य विकासशील एवं उभरती हुई बाजार अर्थव्यवस्थाओं ने खुलेपन और अधिक व्यापक की नीति को स्वीकार किया है। वैश्विक परिदृश्य में दो प्रमुख गतिविधियां उल्लेखनीय रही हैं - यूएस में राष्ट्रपति का चुनाव एवं ब्रेक्सिट वोट। अपनी-अपनी विचारधारा के अनुरूप प्रमुख केन्द्रीय बैंकों की द्वारा अनुसरण की गई मौद्रिक एवं राज्यस्तरीय नीतियाँ भी अलग-अलग रहीं। यूएस फेडरल रिज़र्व ने 4.5% तक पहुँची बेरोजगारी दर के प्रतिक्रिया स्वरूप फेड फंड दर को 25 बीपीएस से और सख्त किया है। जबकि यूरोपियन यूनियन (ईयू) के बहुत कम विकास दर के चलते अभी भी दर में वृद्धि करने हेतु अनिच्छुक है और जापान अभी भी अपस्फिति की स्थिति में बना हुआ है। यूएस को छोड़कर, जिसने आगे भी दर बढ़ाने की अपनी इच्छा जाहिर की है, ज्यादातर केन्द्रीय बैंक, विस्तारवादी मौद्रिक नीति का अनुसरण कर रहे हैं। विकास के मामले में चीन ने जनवरी-मार्च 2017 के दौरान 6.9% वृद्धि दर्ज की है और केलेंडर वर्ष 2017 में 6.5-7% की वृद्धि होना अनुमानित है।

घरेलू आर्थिक परिदृश्य

केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (सीएसओ) द्वारा प्रस्तुत अनंतिम अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष 2017 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.1% वृद्धि होना अपेक्षित है (द्वितीय पूर्वनुमान के अनुरुप ही), परन्तु वह वित्त वर्ष 2016 में दर्ज 8% की तुलना में कम रहेगी। वित्त वर्ष 2017 में 11% वृद्धि के साथ सामान्य जीडीपी रु.151.84 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। आधारभूत कीमतों में जोड़ा गया सकल मूल्य (वास्तविक जीडीपी) वित्त वर्ष 2017 में 6.6% रहा, जो वित्त वर्ष 2016 के 7.9% की तुलना में कम है। आधार वर्ष 2011-12 के साथ औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) एवं थोक मूल्य सूचकांक (डबल्यूपीआई) के संशोधित सूचकांक के प्रभाव को प्रग्रहण करने के कारण वित्त वर्ष 2016 के उच्चतर वृद्धि आंकड़े को आधार वर्ष में परिवर्तित किया गया है। इसी प्रकार त्रैमासिक जीडीपी के आंकड़े भी संशोधित हुए है। वित्त वर्ष 2017 की चौथी तिमाही में वृद्धि 6.1% रही।

2011-12 कीमतों पर क्षेत्रवार वृद्धि की प्रवृत्ति

विवरण	वित्त वर्ष 15#	वित्त वर्ष 16*	वित्त वर्ष 17$
जीडीपी	7.5	8.0	7.1
जोड़ा गया सकल मूल्य	6.9	7.9	6.6
कृषि	-0.3	0.7	4.9
खनन एवं उत्खनन	14.74	10.5	1.8
विनिर्माण	7.5	10.8	7.9
विद्युत, गैस जल आपूर्ति	7.2	5.0	7.2
संरचना निर्माण (कंस्ट्रक्शन)	3.0	5.0	1.7
व्यापार, होटल्स, परिवहन	8.6	10.5	7.8
वित्तीय सेवाएं, रियल इस्टेट, प्रोफेशनल सेवाएं	11.1	10.8	5.7
लोक प्रशासन, रक्षा	8.1	6.9	11.3

श्रोत: एमओएसपीआई; # द्वितीय परिशोधित अनुमान * प्रथम परिशोधित अनुमान $ अनन्तिम अनुमान

समष्टि अर्थव्यवस्था मानक (मैक्रोइकोनॉमिक पैरामीटर्स) सुदृढ़ स्थिति में हैं : एफडीआई आगमन रिकॉर्ड $ 43 बिलियन है, करंट एकाउंट डेफिसिट 1.5% से थोड़ा कम है और राजकोषीय घाटे (fiscal deficit) को जीडीपी के 3.5% पर नियंत्रित कर रखा है तथा केन्द्र वं राज्यों में फिस्कल जिम्मेदारी और बजट प्रबंधन अधिनियम (FRBM) क्रियांवित किए गए हैं। सीपीआई मुद्रास्फीति 3% से कम है और तेल के गिरते दामों की वजह से यह 2% तक भी पहुँच सकता है। नवनिर्मित आधार वर्ष में 2.7% औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि-दर 2.7% रही जो कि पिछले वर्षों से अधिक है; फॉरेक्स रिज़र्व $ 370 बिलियन पर है जो एक कीर्तिमान है और एक वर्ष के आयात-कवर हेतु पर्याप्त है। विगत वर्षों की तुलना में ''कारोबार करनी की सुगमता'' और प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकों में निरंतर सुधार देखने को मिला है। रोजगार सृजन की दिशा में बड़ी चुनौतियाँ है। वार्षिक आधार पर रोजगार सृजन 1% प्रतिवर्ष है। उद्यमिता का वातावरण तैयार करने के लिए स्टार्टअप हेतु निधियों की निधि (एफ.ओ.एफ) सृजित की गयी है।

वस्तु एवं सेवा कर एक अन्य सुधार है जिसका अर्थव्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव होगा। भारत में स्वीकृत दोहरे जीएसटी मॉडल में केन्द्र के द्वारा वसूली जानेवाली जीएसटी, जिसे सेन्ट्रल जीएसटी (सीजीएसटी) कहा जायेगा, राज्य (केन्द्र शासित प्रदेशों सहित) द्वारा वसूली जानेवाली राज्य जीएसटी (सीजीएसटी) है तथा आंतर राज्य वस्तु एवं सेवाओं की आपूर्ति के लिए एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) होगी। जिन केन्द्र शासित प्रदेशों में विधान मण्डल नहीं है, वे यूटीजीएसटी वसूल सकते हैं। 1211 वस्तुओं तथा 36 बड़ी श्रेणियों की सेवाओं के लिए जीएसटी की दरें तय कर दी गयी हैं। लगभग 50 प्रतिशत वस्तुएं 18% कर दर के अंदर, 14% वस्तुएं 5% कर दर के अंदर, 17% वस्तुएं 12% कर दर के अंदर तथा 19% वस्तुएं 28% कर दर के अंतर्गत आती हैं। अत: जीएसटी अनेक स्तरों पर करों से बचने का लक्ष्य रखता है तथा साथ ही साथ केन्द्र एवं राज्यों के राजस्व को बढ़ाता है। जीएसटी के कारण जिन राज्यों को राजस्व की हानि होगी, उन्हें पाँच वर्ष की अवधि के लिए क्षतिपूर्ति दी जायेगी ।

बैंकिंग क्षेत्र की गतिविधि

नवीनतम आँकड़ों के अनुसार बैंक ऋण में 5.7% तथा जमा में 12.1% की वृद्धि दर्ज की गयी। इसके कारण बैंकिंग प्रणाली में अत्यधिक चलनिधि हो गयी। परन्तु पुराने रु.500 तथा रु.1000 के नोटों का विमुद्रीकरण, जमाओं में अत्यधिक बढ़ोतरी का सबसे बड़ा कारण रहा। तथापि चल-निधि में अत्यधिक बढ़ोतरी के कारण पिछले एक वर्ष के दौरान बैंकों का एमसीएलआर 100-110 आधार बिन्दु तक कम हो गया। हालाँकि उद्योग को ऋण वृद्धि नकारात्मक रही है। सुस्त मांग के कारण औद्योगिक क्षमता में स्थिरता तथा बैंकों का आस्ति गुणवत्ता संकट से प्रभावित होना, इस प्रवृत्ति के प्रमुख कारण हैं। प्रमुख क्षेत्र जैसे इस्पात, ऊर्जा तथा वस्त्र अभी भी आगे नही बढ़ पा रहे है। जबकि दूरसंचार क्षेत्र नये जोखिम के स्रोत के रूप में सामने आया है। प्रणाली में सकल एन.पी.ए. ₹ 7 लाख करोड़ हो गया है। बैंकों की पूँजी आवश्यकताओं को कम करने के लिए गैर-स्थायी आस्तियों की बिक्री तथा पूँजी उगाही के अतिरिक्त बैंकिंग क्षेत्र में समेकन के विकल्प पर विचार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आस्ति गुणवत्ता समीक्षा (ए.क्यू.बी.) के बाद आर.बी.आई. तथा सरकार ने कुछ न्यूनतम मानदण्डों को न पूरा करने वाले बैंकों की कड़ाईपूर्वक निगरानी के लिए त्वरित सुधार कार्रवाई (पीसीए) योजना आरंभ की है।

अभी हाल में समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान डिजीटल क्रान्ति की दिशा में अनेक परिवर्तन हुए हैं। इसने अर्थव्यवस्था एवं बैंकिंग उद्योग को पूरे तरह से प्रभावित किया है। यह विमुद्रीकरण की मुहिम के साथ हुआ है। इसका लक्ष्य यह है कि एक दशक के दौरान नगद रहित संव्यवहार को 10 प्रतिशत तक लाया जाय। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनेक कदम उठाये गये हैं जैसे एमडीआर शुल्क में छूट, रु.2 लाख से ऊपर कोई नकद भुगतान नहीं, नकद में रु.2000 से ऊपर चुनाव हेतु धन देने पर प्रतिबन्ध, चुनावी बॉण्ड जारी करना आदि। बैंकिंग क्षेत्र पर निश्चत रूप से ऐसे परिवर्तनों का प्रभाव पड़ेगा क्योंकि यह आशा है कि ज्यादा ग्राहक इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग माध्यमों का प्रयोग करेंगे जिससे आगे आने वाले समय में शाखाओं में आने वाले ग्राहकों की संख्या कम होगी। डिजीटल क्रान्ति के बाद भुगतान बैंक तथा लघु वित्त बैंक बाजार का बड़ा हिस्सा अपने नियंत्रण में करने के लिए तैयार हैं। ऐसी परिस्थिति में पदाधिकारियों को कठोर श्रम करना चाहिए तथा प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए नये रास्ते निकलने चाहिए एवं अपने व्यापारिक हितों की रक्षा करनी चाहिए।

बैंकिंग क्षेत्र के लिए अन्य प्रकार से भी डिजीटल क्रान्ति के निहितार्थ हैं। पिछले कुछ समय से फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) नया मंत्र है। अन्य प्रतिस्पर्धियों के साथ भुगतान बैंक तथा लघु बैंक, बैंकिंग उद्योग में कदम रख रहे हैं जो वर्तमान सार्वभौमिक बैंकिंग को कड़ी प्रतियोगिता दे रहे हैं। बैंक को तेजी से विदारी प्रौद्योगिकी (डिस्रप्टिव टेक्नालॉजी) अपनाने की आवश्यकता है तथा ज्ञानार्जन कर्व पर भी आगे रहना है। इसके अतिरिक्त बैंकों को ग्राहकों के व्यवहार का अध्ययन अवश्य करना चाहिए तथा नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर जोखिम तथा धोखाधड़ी विश्लेषण जैसे उभरते हुए क्षेत्रों में दक्षता और कौशल अवश्य विकसित करना चाहिए।

कारपोरेटों की सदा बढ़ने वाली धन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत को सुविकसित कारपोरेट बॉण्ड मार्केट चाहिए। नवीनतम आँकड़ा दिखाता है कि पाँच वर्षों की अवधि के दौरान पूँजी निर्माण की दर 32 प्रतिशत से घटकर 27 प्रतिशत हो गयी है। यद्यपि बैंकिंग उद्योग में एकीकरण कारपोरेट फंडिंग के वित्तपोषण हेतु आवश्यक आकार तथा मात्रा वाले बैंक सृजित करेगा परन्तु तब भी बैंक आस्ति एवं देयताओं के असंतुलन से ग्रस्त रहेंगे। इसके अतिरिक्त अंतरण वित्तपोषण भारत में सफल नहीं हुई है। कारपोरेट फंडिंग आवश्यकताओं को प्रभावी रूप से पूरा करने में ये चुनौतियाँ हैं।

विगत कुछ वर्षों में 5/25 योजना, एसडीआर योजना तथा एस4ए पहल कुछ नये कदम हैं। यद्यपि आस्ति गुणवत्ता मामलों को कम करने में इन कदमों की भूमिका सीमित रही है परन्तु फिर भी एक्यूआर कवायद के आरंभ होने के बाद इनके माध्यम से अनियमितताओं से मुकाबला करने में बैंकों को अधिक रास्ते प्राप्त हुए है। आस्ति गुणवत्ता समस्या को कम करने में सहायता देने के लिए भारत सरकार एन.पी.ए. अध्यादेश लायी है। यह व्यवस्था की गयी है कि जेएलएफ के निर्णय को लागू करने के लिए 60% ऋण दाताओं के अनुमोदन की आवश्यकता होगी, जो पहले 75% थी। इससे निर्णय के कार्यान्वयन में कम समय लगेगा। दिवालिया और शोधन अक्षमता कोड को तेजी से परिचालन में लाया जा रह है तथा बैंकरों के द्वारा दबावग्रस्त आस्तिओं के भयरहित समाधान में मदद करने के लिए विनियामक स्तर पर निगरानी समिति बनाई गयी है।

यदि अर्थव्यवस्था को 8% के वांछित दर से वृद्धि करनी है तो वित्तीय मध्यस्थता का कार्य कुशलतापूर्वक निष्पादित करने के लिए यह पूर्व आवश्यक है कि भारत में बैंक पर्याप्त रूप से सक्षम किये जायें।

इण्ड ए एस कार्यान्वयन के लिए रणनीति तथा उसकी प्रगति

भारत में बैंक वर्तमान में भारतीय रिज़र्व बैंक, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के अंतर्गत अधिसूचित लेखांकन मानकों तथा 'भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धान्तों' (भारतीय जीएएपी) के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार वित्तीय विवरणियाँ तैयार करता है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ने भारतीय लेखांकन मानक (इण्ड एएस) जारी किया है। यह संशोधित लेखांकन मानक है जो बहुत हद तक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक (आईएफआरएस) के समक्ष भारतीय लेखांकन मानक को स्थापित करता है। कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने कार्यान्वयन के लिए इन लेखांकन मानकों (इण्ड ए एस) को स्वीकार किया है।

जनवरी 2016 में नई भारतीय लेखांकन मानक (इण्ड एएस) के कार्यान्वयन के लिए कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने भविष्य के लिए योजना जारी की। 1 अप्रैल 2017 को आरंभ हुए वर्ष की तुलना के साथ 1 अप्रैल 2018 से भारतीय लेखांकन मानक (इण्ड ए एस) का कार्यान्वयन बैंकिंग कंपनियों के लिए आरंभ होगा। भारतीय लेखांकन मानक इण्ड ए एस के अनुसार जून 2018 के बाद वर्ष-दर-वर्ष तुलना के रूप में वित्तीय वर्ष 2017-18 के वित्तीय आँकड़े प्रकाशित करने आवश्यक हैं। यह रोडमैप बैंक के अनुषंगियों, संयुक्त उद्यम तथा सहायक कंपनियों के लिए भी लागू है।

तदनुसार बैंक ने इण्ड ए एस पर आधारित वित्तीय विवरणियाँ तैयार करना आरंभ किया है। बैंक के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शामिल है वित्तीय लिखतों का लेखांकन, लेखांकन का समेकन, आस्थगित कर तथा प्रौद्योगिकी प्रणालियों का कार्यान्वयन। इनमें से वित्तीय आस्तियों का लेखांकन अनेक क्षेत्रों में भारतीय जीएएपी से अत्यधिक भिन्न है, जिसमें वर्गीकरण, उचित मूल्यांकन, संभावित क्रेडिट हानि, प्रभावी ब्याज दर लेखांकन तथा अस्वीकरण शामिल है। बैंक की इण्ड ए एस कार्यान्वयन परियोजना जीएएपी के अंतर का तकनीकी मूल्यांकन, लेखांकन नीति तथा विकल्पों का चयन, प्रणाली में परिवर्तन का मूल्यांकन एवं डाटा आवश्यकताएं, व्यापार प्रभाव विश्लेषण तथा नियमित प्रशिक्षणों तथा कार्यशालाओं के माध्यम से बैंक में कौशल के विकास पर भी ध्यान केन्द्रित करती है।

आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार बैंक के द्वारा निम्नलिखित कार्य किये जा रहे हैं:

- जैसा कि आवश्यक था 30 सितंबर 2016 को समाप्त अर्ध वर्ष के लिए रिज़र्व बैंक को प्रोफार्मा इण्ड ए एस वित्तीय विवरणियों को जमा करना।
- इण्ड ए एस के कार्यान्वयन के लिए कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में स्टीयरिंग समिति बनाई है जिसमें विभिन्न कार्यशील विभागों के सदस्य हैं। समिति बैंक में इण्ड ए एस कार्यान्वयन में प्रगति की निगरानी करती है तथा इण्ड ए एस तकनीकी आवश्यकताओं, प्रणाली एवं प्रक्रियाओं, व्यापार प्रभाव, लोग तथा परियोजना प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पक्षों के लिए मार्गदर्शन देती है। तिमाही आधार पर बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति को भी कार्यान्वयन स्थिति का अपडेट जमा किया जाता है।

कारोबारी समीक्षा

1. संसाधन संग्रहण:

वित्तीय वर्ष 2016-17 में बचत जमाओं में 32% तथा चालू जमाओं में 21% की वृद्धि हुई है। कासा जमाओं में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 31% की वृद्धि दर्ज की गयी है। एच.एन.आई. बचत सेगमेंट में 39% तथा चालू खाता जमा में 25% वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की गयी। मार्च 2017 में कासा अनुपात वर्ष-दर-वर्ष 34.18% से बढ़कर 39.84% हो गया। ₹ 1 करोड़ से कम खुदरा मीयादी जमा का हिस्सा वर्ष-दर-वर्ष 10.28% बढ़ा तथा यह कुल मीयादी जमाओं का 76% है।

2. अग्रिम :

बैंक का सकल अग्रिम 3.18% प्रतिशत की वृद्धि सहित 3,81,662 करोड़ से बढ़कर 3,93,788 करोड़ हो गया। सकल घरेलू ऋण 6.38% प्रतिशत

की वृद्धि से 31.03.2016 को 2,68,579 करोड़ से 31.03.2017 को 2,85,725 करोड़ हो गया। वर्तमान वर्ष के दौरान जोखिम को बाँटने के लिए बैंक ने उच्च प्रतिफल वाले रिटेल और एसएमई अग्रिम पर ध्यान केन्द्रित किया है। बैंक कॉरपोरेट/मिड कॉरपोरेट की विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति 10 लार्ज कॉरपोरेट तथा 32 मिड कॉरपोरेट शाखाओं के माध्यम से करता है। रिटेल, एसएमई तथा कृषि क्षेत्र के अन्य ग्राहकों की आवश्यकताएँ 5,123 शाखाएं तथा विशेषज्ञ प्रसंस्करण केन्द्रों से पूरी की जाती हैं। बैंक के 29 विदेशी केन्द्र निर्यातकों तथा विदेशी ग्राहकों की आवश्यकताएँ पूरी करते हैं।

3. रिटेल :

वर्ष के दौरान आवास ऋण सेगमेन्ट ₹ 19,658 करोड़ से बढ़कर ₹ 22,248 करोड़ हो गया और उसमें 13.18% की वृद्धि दर्ज की गयी। 2015-2022 के दौरान कार्यान्वित किये जाने वाले ''सभी के लिए आवास (शहरी)'' मिशन पहल के अंतर्गत भारत सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना का आरंभ बैंक ने किया है। कम ब्याज दर, लम्बी चुकौती अवधि तथा लचीले चुकौती विकल्प वाले संपत्ति पर ऋण (एल.ए.पी.) पोर्टफोलियो की राशि ₹ 5054 करोड़ से ₹ 5881 करोड़ हो गयी। यह 16.36% की वृद्धि थी। शिक्षा ऋण क्षेत्र 4.04% की वृद्धि के साथ ₹ 3143 करोड़ से ₹ 3270 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गयी। पढ़ो परदेश योजना (विदेश में अध्ययन के लिए अल्प संख्यक वर्ग के छात्रों के लिए ब्याज सब्सिडी) के अंतर्गत भी वित्तपोषण किया गया। वाहन ऋण क्षेत्र में भी 21.16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। यह वर्ष के दौरान ₹ 2892 करोड़ से बढ़कर ₹ 3504 करोड़ हो गयी। बैंक ने मारूति-सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुन्डई मोटर्स तथा महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा के साथ तालमेल किया है। बैंक तालमेल करके पीएसयू/पीएसई/प्रतिष्ठित कॉरपोरेट के कर्मचारियों को व्यक्तिगत ऋण देता है ताकि ऋण की वसूली में सरलता हो सके।

4. लघु एवं मध्यम उद्यम :

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान एमएसएमई ऋण ₹ 51,083 करोड़ रहा तथा इस क्षेत्र ने वर्षानुवर्ष 4 प्रतिशत का विकास दर्ज किया। एमएसई विनिर्माण क्षेत्र ₹ 19,939 करोड़ से घटकर ₹ 19,736 करोड़ हो गया। सेवा क्षेत्र बढ़कर ₹ 2,037 करोड़ हो गया। इन दोनों क्षेत्रों ने क्रमश: 7.20 प्रतिशत की वर्षानुवर्ष वृद्धि दर्ज की। अतिलघु क्षेत्र की हिस्सेदारी 42.73% तक बढ गई । 2016-17 के दौरान सूक्ष्म क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत नये खातों में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जो 10% के अनिवार्य लक्ष्य के समक्ष है।

₹ 2,693.62 करोड़ के एक्सपोज़र के साथ सीजीटीएमएसई के अंतर्गत बैंक ने 42,849 नये खाते तथा ₹ 4,895 करोड़ के एक्सपोज़र के साथ पीएमएमवाई के अंतर्गत 2,24,703 खाते जोड़े। 4,087 लाभार्थियों को स्टैंड अप इंडिया ऋण दिया गया।

5. कृषि वित्त :

प्राथमिक क्षेत्र अग्रिम:

बैंक अपने ग्रामीण तथा अर्ध शहरी शाखाओं एवं 43 ग्रामीण सीपीसी के नेटवर्क के माध्यम से प्राथमिक तथा कृषि क्षेत्र की सेवा कर रहा है। प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत बैंक ने ₹ 1,13,027 करोड़ का बकाया ऋण स्तर दर्ज किया है जिसमें कृषि क्षेत्र के अंतर्गत ₹ 54,302 करोड़, एसएमई क्षेत्र के अंतर्गत ₹ 42,768 करोड़, शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत ₹ 3,188 करोड़, आवास क्षेत्र के अंतर्गत ₹ 11,584 करोड़ तथा ग्रामीण संरचना विकास निधि (आर. आई.डी.एफ.) सहित अन्य क्षेत्रों में ₹ 118 करोड़ है। कृषि ऋण योजना के अंतर्गत वर्ष के दौरान बैंक की शाखाओं ने ₹ 25,337 करोड़ संवितरित किया। ऋण के लचीले उपयोग के लिए बैंक ने ₹ 2823.60 करोड़ की ऋण सीमा के साथ 2,38,248 के.सी.सी. खाते खोले। बैंक विभेदक ब्याज (डी. आर.आई.) दर के अंतर्गत निम्न आय वर्ग को 4% की ब्याज दर पर वित्तीय सहायता देता है। वर्ष के दौरान डी.आर.आई. योजना के अंतर्गत 292 मामले स्वीकृत किये गये हैं जिसमें ₹ 1.93 करोड़ शामिल है। मार्च 2017 में अल्प संख्यक समुदाय का ऋण एक्सपोज़र ₹ 14,717.25 करोड़ है। कृषि के मशीनीकरण क्षेत्र में वर्ष के दौरान कुल ऋण 4776 खातों में ₹ 143.56 करोड़ है। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान खाद्य एवं एग्रो उद्योग तथा चावल एवं दाल मिल, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, मछली प्रसंस्करण, दूध एवं दूध उत्पादों और खाद्यान्न क्षेत्र को बैंक का वित्तपोषण ₹ 510.57 करोड़ रहा।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एल.एम.): गाँव के गरीबों के लिए गरीबी को दूर करने हेतु यह एक महत्वपूर्ण योजना है। वर्ष के दौरान बैंक ने 9946 उधारकर्ताओं को ₹ 162.21 करोड़ संवितरित किया।

स्वयं सहायता समूह (एस.एच.जी.): वर्ष 2017 के दौरान बैंक का 2,57,099 स्वयं सहायता समूहों का ग्राहक आधार है जिसमें 83,261 स्वयं सहायता समूह ऋण से जुड़े हुए हैं तथा इसके अंतर्गत 48,464 महिला स्वयं सहायता समूह हैं। एस.एच.जी. की निगरानी के लिए ऑफसाइट संव्यवहार, वित्तीय तथा डाटा डिजीटलीकरण हेतु बैंक ने दोहरी बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण व्यवस्था आरम्भ की है। पांच राज्यों यथा झारखंड (15), महाराष्ट्र (14), मध्य प्रदेश (13), उत्तर प्रदेश (7) तथा ओडिशा (2) के 51 जिलों में बैंक के पास अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है। बैंक के पास झारखंड राज्य में एसएलबीसी ''अग्रणी बैंक संयोजक'' की जिम्मेदारी है।

6. वित्तीय समावेशन :

बैंक यह मानता है कि वित्तीय समावेशन के माध्यम से व्यवसाय करना व्यावहारिक है तथा इस दिशा में बैंक ने अपना दृष्टिकोण ''सीएसआर'' से ''आर्थिक व्यवहार्यता'' की ओर मोड़ दिया है। न्यूनतम लागत पर संव्यवहार को संभव बनाने हेतु सहयोग देने एवं सुरक्षित बनाने के लिए वित्तीय क्षेत्र को आई.सी.टी. पर आधारित समाधान की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) से वित्तीय समावेशन अभियान को गति प्राप्त हुई है। व्यापार संपर्की मॉडल के नेतृत्व में आई.सी.टी. के माध्यम से उन ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक ने ये सेवाएं दी हैं जहाँ बैंकिंग सेवाएं नहीं हैं।

स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी): बैंक झारखंड, ओड़िशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा पश्चिम बंगाल में 42 आरसेटी परिचालित कर रहा है। वर्ष के दौरान आरसेटी ने 5168 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये तथा 91956 अभ्यर्थियों के क्रेडिट लिंकेज के साथ 145411 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया ताकि लाभकारी रोजगार के लिए उनकी मदद की जा सके।

वित्तीय साक्षरता तथा ऋण परामर्श केन्द्र (एफ.एल.सीसी.): भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार ग्रामीण तथा शहरी केन्द्रों में उन जिला स्थानों पर एफएलसीसी/एफएलसी स्थापित किया है जहाँ बैंक के पास अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है। बैंक की 51 एफ.एल.सी. सभी 51 जिलों में कार्यरत हैं। प्रशिक्षण देने के अतिरिक्त एफएलसी मामला-दर-मामला आधार पर दबावग्रस्त उधारकर्ताओं के लिए उपचारात्मक परामर्श तथा मीडिया, कार्यशाला एवं संगोष्ठी के माध्यम से निवारक परामर्श भी देते हैं।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक: बैंक ने आर्यवर्त ग्रामीण बैंक (उत्तर प्रदेश), नर्मदा झबुआ ग्रामीण बैंक - एन.जे.जी.बी. (मध्य प्रदेश), विदर्भ कोंकण ग्रामीण बैंक - वी.के.जी.बी. (महाराष्ट्र) तथा झारखंड ग्रामीण बैंक - जे.जी.बी. (झारखंड)

को प्रायोजित किया है। सभी आर.आर.बी. लाभ अर्जित कर रहे हैं तथा ग्रामीण बैंकों के प्रशासनिक कार्यालय सीबीएस प्लेटफार्म पर हैं। आर.आर.बी. से आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी. आदि किया जा सकता है तथा ये एटीएम प्लेटफार्म पर हैं। ये 1663 शाखाओं के नेटवर्क के साथ 61 जिलों को कवर करते हैं। उनका कुल कारोबार मिश्र ₹ 45,772 करोड़ है।

7. अंतरराष्ट्रीय :

सभी समय मंडलों के 22 देशों में बैंक की 29 शाखाएं, 04 प्रतिनिधि कार्यालय, 05 अनुषंगी तथा 01 सहयोगी/संयुक्त उद्यम फैले हुए हैं। बैंक के वैश्विक कारोबार तथा लाभ में विदेशी परिचालन का अंश 31.03.2017 को 24% रहा है। एसईईपीजेड तथा अहमदाबाद शाखा में बुलियन बैंकिंग व्यापार किया गया तथा बाद में अन्य शाखाओं को भी इस कार्य में शामिल किया गया। बैंक की 09 शाखाएं बुलियन कारोबार करने के लिए प्राधिकृत हैं। घरेलू जौहरियों तथा निर्यात करने वाले जौहरियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परेषण आधार पर सोना खरीदा जाता है।

विदेशों में बैंक की अनुषंगियां एवं सहायक कंपनियां:

1. पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया (इंडोनेशिया) टीबीके
2. बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लिमिटेड
3. बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैण्ड) लि.
4. बैंक ऑफ़ इंडिया (बोतस्वाना) लि.
5. बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि.
6. इंडो ज़ाम्बिया बैंक लि. (आईजेडबी)

विदेशी व्यापार :

निर्यातकर्ताओं तथा आयातकर्ताओं का व्यापार वित्तपोषण तथा विदेशी विनिमय संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना बैंक का प्रमुख एवं प्राथमिक क्षेत्र है। पूरे भारत में बैंक की 217 ऑथराइज्ड डीलर (ए.डी.) शाखाएं हैं। ये शाखाएं विदेशी विनिमय व्यापार संभालती हैं तथा निर्यातकर्ताओं एवं आयातकर्ताओं की आवश्यकता को पूरा करती हैं। पूरे विश्व में 200 बैंकों के साथ बैंक का संपर्की बैंकिंग संबंध भी है। आवक धन-प्रेषण में सहायता के लिए खाड़ी के निजी विनिमय प्रतिष्ठानों के साथ बैंक की रुपया आधारित आहरण व्यवस्था है।

8. ऋण निगरानी :

ऋण आस्ति में बैंक के एक्सपोजर की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सुरक्षा, क्रेड़िट एक्सपोजर लेते समय चिन्हित और स्वीकृत किए गए जोखिमों पर निर्भर है। मजबूत आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने हेतु ऋण निगरानी महत्वपूर्ण क्षेत्र है। विभिन्न स्तरों पर खातों की निगरानी करने के उपाय और सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं। प्रारंभिक संकेतों के आधार पर दबावग्रस्त खातों में रेड फ्लैगिंग करने हेतु और फॉरेन्सिक ऑडिट करवाने और सुधारात्मक उपाय करने हेतु सिस्टम स्थापित किए गए हैं। क्रेडिट प्रोसेस ऑडिट और स्टॉक और रिसीवेबल का निश्चित अवधि के अंदर ऑडिट सुनिश्चित किया जाता है। क्विक मोर्टेलिटी डीफॉल्ट के लिए गंभीर विश्लेषण किया जाता है और इनकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उच्च मूल्य खातों की और रियल टाइम आधार पर निगरानी के लिए बॉरोअर हेल्थ प्रोफाइल (बीएचपी) सिस्टम लाया गया।

9. एनपीए प्रबंधन :

बैंक ने एनपीए और बट्टे खाते डाले गये खातों में वसूली के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित कार्यनीतियों को आत्मसात करते हुए और आस्ति वसूली शाखाओं की शुरूआत करके तथा जमीनी स्तर पर स्टॉफ के साथ मिलकर काम करके लगातार अथक प्रयास किये हैं। किये गये प्रयासों के परिणाम स्वरूप निम्नलिखित कार्यनीतियों में से कुछ के माध्यम से वसूली में सुधार आया है :

अस्थाई नकदी प्रवाह असंतुलन से एनपीए हुए खातों को कम से कम समय में अपग्रेड करने के उद्देश्य से उनमें परिचालन रोकना; कुल अतिदेय की वसूली के पश्चात पूरे खाते का अपग्रेडेशन करना, उस खाते की पुर्नरचना करना जिसे दीर्घावधि सहयोग की आवश्यकता हो, 5/25 के अंतर्गत नये उपाय, दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान के लिए एस4ए, बैंक के लाभ व हानि खाते में सकारात्मक प्रभाव वाले खातों मे ओटीएस, तुरन्त सरफेसी (SARFAESI) एक्ट के प्रावधान लागू करना; मुकदमा दायर करना और 'वैकेशन ऑफ स्टे' के लिए प्रयास (follow) करना, और डीआरटी के जरिए जल्दी-जल्दी निपटान के लिए, उन सभी पात्र मामलों में उधारकर्ता को इरादतन चूककर्ता घोषित करना जहाँ इदारतन चूक के स्पष्ट मामले हों। प्रक्रिया को और तेज बनाने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर विशाल ई-नीलामी करना, राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेना विभिन्न स्तरों पर सफ़ल रहा। जिन मामलों में मुकदमा/डिक्री फाइल कर दिया गया है अब उनकी ऑनलाइन निगरानी की जाती है। बैंक स्तर पर आयोजित की गई उन जेएलएफ़ बैठकों में अग्रसक्रिय रूप से भाग लिया जाता है जहाँ बैंक अग्रणी बैंक है या सहायता संघ (consortium) का सदस्य है।

10. ट्रेज़री :

विदेशी मुद्रा (फोरेक्स) कारोबार : वर्ष 2016-17 के दौरान, व्यापार बैंक और अंतर बैंक का कुल कारोबार क्रमश: ₹ 1.28 लाख करोड़ और ₹ 24.24 लाख करोड़ था। वर्ष के दौरान बैंक के फोरेक्स कारोबार का कुल समेकित टर्नओवर ₹ 25.52 लाख करोड़ था।

ट्रेज़री परिचालन व निवेश: बैंक ने 2016-17 के दौरान बाज़ार-निधियों, विदेशी मुद्रा और बोण्ड्स के सभी क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका अदा करना जारी रखा, ब्याज आय और बाज़ार जोखिम के मध्य संतुलन बनाये रखकर बैंक ने निवेश का उच्चतर स्तर बनाये रखा। रेपो/सीबीएलओ विण्डोज़ से उधार लेने हेतु अतिरिक्त एसएलआर का उपयोग करने के लिए बैंक ने समय-समय पर एसएलआर निवेशों को विनियामक आवश्यकता के 20.50% से अधिक पर बनाये रखा। सकल एसएलआर निवेश ₹ 1,10,951 करोड़ (कुल निवेश का 88.90%) था और गैर-एसएलआर निवेश ₹ 13,857 करोड़ (कुल निवेश का 11.10%) रहा। निवेश बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक नीति के अनुसार किये जाते हैं और बाज़ार में होने वाले बदलावों/विनियामक आवश्यकताओं से तालमेल बनाए रखने हेतु समय-समय पर इनकी समीक्षा की जाती है।

11. सूचना प्राद्योगिकी:

ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए बैंक ने आई.टी. उत्पाद और सेवाओं की शुरूआत की है, निम्नलिखित के परिचालन का डिजिटीकरण और सरलीकरण किया है:

- इंटरनेट बैंकिंग : इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से फॉर्म 15जी/15एच प्रस्तुत करना, जमा और ऋण खातों के लिए ब्याज प्रमाण-पत्र उत्पादित करना, आय घोषित करने की योजना आरंभ (हेंत) करना, ऑनलाइन सावधि जमा पॉलिसी और नये यूज़र की नामांकन प्रक्रिया में सुधार करना।

- कॉरपोरेट वेबसाइट पर नये मॉड्यूल - वेबसाइट से प्रीपेड कार्ड की शेष राशि की पूछताछ (Balance Enquiry) की सुविधा आरंभ करना, पीओएस/एटीएम के असफल होने पर रिफंड के लिए ऑनलाइन अनुरोध स्वीकार करने की सुविधा की शुरूआत, ई-कॉमर्स लेन-देन के लिए रिफंड का अनुरोध शुरू करना, एमएसएमई - I और II के लिए ₹ 25 करोड़ तक के आवेदन जमा और स्वीकार करने हेतु अप्लिकेशन।
- निधि अंतरण और यूटिलिटी बिल भुगतानों के लिए स्मार्ट फोन आधारित अप्लिकेशन।
- निधि अंतरण और यूटिलिटी बिल भुगतानों के लिए स्मार्ट फोन आधारित अप्लिकेशन "Chillr" का शुभारंभ।
- ग्राहकों के लिए भारत बिल पेमेंट सिस्टम ऐप का कार्यान्वयन।
- स्टार टोकन एनजी में रिचार्ज मॉड्यूल की शुरूआत - यह बैंक के ग्राहकों को मोबाइल और डीटीएच रिचार्ज की सुविधा प्रदान करता है।

12. जोखिम प्रबंधन :

जोखिम तथा नियंत्रण :

बैंक ने एकल और समेकित आधार पर संगत जोखिमों का अनवरत मूल्यांकन सुनिश्चित करने हेतु तंत्र स्थापित किए हैं। जोखिम प्रबंधन बोर्ड द्वारा संचालित कार्य है, जिसमें उच्चतम स्तर पर बोर्ड की एक जोखिम प्रबंधन समिति होती है जिसको विभिन्न जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए उच्च कार्यपालकों की परिचालन स्तर की समितियों से सहयोग प्राप्त होता है। जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया में पहचान, मूल्यांकन, निगरानी और नियंत्रण शामिल है। ये प्रक्रियाएं यथा, उद्यम क्षेत्र में जोखिम प्रबंधन, ऋण जोखिम प्रबंधन, परिचालन जोखिम प्रबंधन, मार्केट जोखिम प्रबंधन, व्युत्पन्न, एएलएम, विदेशी मुद्रा और डीलिंग रूम परिचालन नीतियों के अंतर्गत समाविष्ट है। सभी कार्यों और उत्पादों में परिचालन जोखिम की पहचान, मूल्यांकन, निगरानी व संभावित खतरे को कम करने का काम परिचालन स्तर की जोखिम समितियों और कार्यबलों के द्वारा उनके विस्तृत विश्लेषण और जाँच के जरिए किया जा सकता है। चिह्नित जोखिमों के मूल्यांकन/मापन के लिए विवेकपूर्ण सीमाओं वाले यंत्रों व प्रणालियों, नये बेसिल आधारित क्रेडिट रेटिंग मॉडल, क्रेडिट लेखा परीक्षा, बाजार जोखिम हेतु VAR मॉडल, परिचालन जोखिम के मुख्य जोखिम सूचकों की निगरानी में साथ-साथ स्वंय मूल्यांकन प्रक्रिया को प्रस्तावित किया गया है।

31.03.2008 से प्रभावी आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुरूप बैंक ने ऋण और बाजार जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण और परिचालन जोखिम के लिए आधारभूत संकेतक दृष्टिकोण के आधार पर नये पूंजी प्रर्याप्तता ढाँचे (बेसिल II) के अंतर्गत पूंजी प्रर्याप्तता की गणना करना आरंभ कर दिया है। बैंक विभिन्न जोखिमों, इसकी जोखिम वहन करने की क्षमता की सीमा और जोखिमों व जोखिम वहन क्षमता के संबंध में आतंरिक पूंजी के समुचित स्तर के मूल्यांकन/मापन, के लिए वार्षिक आधार पर आंतरिक पूंजी प्रर्याप्तता (मूल्यांकन) प्रक्रिया (ICAAP) संपन्न करता है। अत्यंत गंभीर परिस्थितियों में भी बैंक को संभावित प्रभाव के बारे में बेहतर जानकारी उपलब्ध करके जोखिम मूल्यांकन को और बेहतर बनाने के लिए स्ट्रेस परीक्षा प्रक्रिया मौजूद है।

बैंक के बढ़ते हुए कारोबार को देखते हुए आंतरिक नियंत्रकों को सुदृढ़ बनाकर बैंक के ब्रैन्ड, साख और आस्तियों की सुरक्षा हेतु साइबर सुरक्षा खतरों से बचना बैंक के सूचना जोखिम प्रबंधन सिस्टम का स्पष्ट उद्देश्य है। बैंक ने तत्काल सूचना सुरक्षा प्रयासों/घटनाओं/वारदातों की 24x7 निगरानी के लिए विभिन्न सूचना सुरक्षा परियोजनाएं आरंभ की हैं। बैंक अपने ग्राहकों और खाता धारकों से संबंधित डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर सतर्क है और इसे साइबर हमले से सुरक्षित करने का अत्यधिक ध्यान रखता है। बैंक ने विपरीत परिस्थितियों में अनवरत सेवाएं उपलब्ध करने के लिए एक तर्कसंगत लचीलापन विकसित किया है। बैंक ने डेटा सेंटर में आबद्ध (captive) सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) स्थापित किया है। बैंक आईएसओ 27001 (आईएसएमएस) और आईएसओ 22301 प्रमाणपत्र धारक है और PCI – DSSV3 प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। अन्य उन्नत सुरक्षा यंत्रों जैसे विशेषाधिकार (privilege) यूजर प्रबंधन, डेटाबेस गतिविधि निगरानी को क्रियान्वित कर दिया गया है। सुरक्षा उपाय, जैसे कि एन्टी - एपीटी और एन्टी - DDoS यंत्रों के संस्थापन (installation) की प्रक्रिया जारी है। सभी संवेदनशील अनुप्रयोगों (Applications) और सेवाओं के लिए नियमित जोखिम व भेद्यता (vulnerability) मूल्यांकन प्रक्रिया समयबद्ध उपचारात्मक गतिविधियों सहित पूरी की जाती है ।

13. वैकल्पिक डिलिवरी चैनल:

बैंकिंग उद्योग तेजी से बढ़ने वाला बन गया है। नोटबंदी के बाद के समय में कम नकदी वाले समाज की ओर बढ़ने की जरूरत है और इसलिए डिजिटलाइजेशन पर विशेष जोर है। बैंक ऑफ़ इंडिया न केवल विभिन्न डिजिटल उत्पाद जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड भुगतान एवं स्वाइप करने के सभी प्रकार के पीओएस, क्लिक एंड पे, टच एंड पे, इंटरनेट बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग के वितरण में शानदार निष्पादन के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रहा है कि इन उत्पादों को सक्रिय किया जाए और उपयोग किया जाए। बैंक ऑफ़ इंडिया ने भारत सरकार द्वारा जारी किए गए यूपीआई/भीम, भारत क्यूआर एवं आधार-पे को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है। पीओएस का वितरण भी बढ़ा है और वे 5000 से बढ़कर दिनांक 31/3/2017 को 17793 हो गए हैं। नोटबंदी से पहले सक्रिय डेबिट कार्ड जहां केवल 18% थे वे बढ़कर 37% हो गए जो डिजिटलाइजेशन की दिशा में हमारी तेज गति को दर्शाता है। बैंक ने कार्डों के लिए बीओआई स्टार लॉयल्टी प्रोग्राम शुरू किया है। बैंकिंग उद्योग में अधिग्राहक के रूप में भारत क्यूआर शुरू करने में हम सर्वप्रथम हैं। कार्ड प्रयोक्ताओं को कपटपूर्ण लेनदेन से बचाने के लिए हमने एक अलग ही एफआरएम समाधान शुरू किया है जो क्रेडिट एवं डेबिट दोनों कार्डों के लिए है। बैंक ने धनराशि के सहज अंतरण और विभिन्न सेवाओं के भुगतान हेतु ''चिल्लर'' मोबाइल एप शुरू किया है। बैंक ने पीओएस की उपयोगिता बढ़ाने हेतु गतिशील मुद्रा परिवर्तन के लिए कोब्रांडेड प्रीपेड कार्ड शुरू किए हैं और पूरे भारत में 89 डिजिटल गाँव बनाने हेतु पहल की है।

14. संव्यवहार बैंकिंग :

डिजिटल बैंकिंग के जरिए ग्राहकों, विशेष रूप से लार्ज कॉरपोरेट, सरकारी संगठन और उच्च निवल मालियत वाले व्यक्तियों के "नकदीप्रवाह" का प्रबंधन करके थोक आय और फ्लोट सृजित करने के लिए बैंक ने एक अलग संव्यवहार बैंकिंग विभाग स्थापित किया है। स्टार नकदी प्रबंधन सेवा (सीएमएस) हब में चेक वसूली, पीडीसी वसूली और प्रत्यक्ष ऋण अधिदेश, अन्य सेवायें जैसे नकदी प्रबंधन सेवायें (घर-घर बैंकिंग), ऑनलाइन शेयर व्यापार - (1 में 3 खाते, (1 में 3 खाते, ASBA व SYND-ASBA), पेमेंट गेटवेज़, एनपीसीआई प्लैटफॉर्म पर NACH क्रियाकलाप और स्टार चैनल वित्त का परिचालन शामिल हैं। वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान विभाग ने ₹ 31.73 करोड़ की आय सृजित की है।

15. थर्ड पार्टी उत्पाद :

जीवन बीमा :

बैंक ने जीवन बीमा उत्पादों की बिक्री के लिए बैंक की संयुक्त उद्यम जीवन बीमा कंपनी, स्टार यूनियन दाई-इचि जीवन बीमा कं.लि. के साथ अपना कॉरपोरेट एजेंसी समझौता जारी रखा है। जीवन बीमा उत्पादों की बिक्री के लिए बैंक के पास शाखाओं में 5700 आईआरडीएआई अर्हता प्राप्त विशेषज्ञ व्यक्ति उपलब्ध हैं। बैंक, ग्रुप इंश्योरेंस पॉलिसी के अंतर्गत अपने रिटेल, आवास और शिक्षा ऋण उधारकर्ताओं को कम प्रीमियम पर वैकल्पिक जीवन बीमा सुरक्षा प्रदान करता है। बैंक अपने एसबी/सीडी ग्राहकों को ₹ 1 लाख से ₹ 5 लाख तक की बीमाकृत राशि के लिए प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर सुड-लाइफ (SUD-Life) ग्रुप सावधि बीमा पॉलिसी भी प्रदान करता है। बैंक ने ₹ 738 करोड़ का प्रीमियम संग्रहित किया, इस प्रकार ₹ 70.13 करोड़ की कमीशन आय अर्जित की। बैंक ने स्टार हेल्थ एण्ड एलाइड एश्योनेंस कं. लि. के साथ समझौते के माध्यम से ₹ 0.46 करोड़ की कमीशन आय अर्जित की ।

सामान्य बीमा - नॉन-लाइफ :

गैर जीवन बीमा उत्पादों की बीमा सुरक्षा के लिए बैंक का नेशनल इन्शोरेंस कं.लि. (एनआईसीएल) के साथ भी कॉरपोरेट एजेंसी समझौता है। बैंक ने स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा श्रेणी के अंतर्गत स्टार हेल्थ एंड एलाइड अस्योरेंस कं.लि. तथा रिलायंस जनरल अस्योरेंस कंपनी लि. के साथ समझौता किया है। बैंक का को-ब्रैण्ड्ड स्वास्थ्य बीमा उत्पाद - बीओआई राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा, एक फैमिली फ्लोटर स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा है जो कम प्रीमियम पर बैंक ऑफ़ इंडिया खाता धारकों के लिए उपलब्ध है। बैंक द्वारा सामान्य बीमा कारोबार से संग्रहित प्रीमियम ₹ 203 करोड़ था जिससे ₹ 21.31 करोड़ का कमीशन अर्जित किया गया।

म्यूचुअल फंड उत्पाद :

बैंक हमारे ग्राहकों की सभी वित्तीय जरूरतों के लिए हमारे बैंक की अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी BOI-AXA म्यूचुअल फंड के साथ-साथ 10 आस्ति प्रबंधन कंपनियों के विभिन्न म्यूचुअल फंड उत्पादों के वितरण के लिए लागतार एक बिक्री केन्द्र का कार्य कर रहा है। बैंक ने वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान म्यूचुअल फंड कारोबार से ₹ 5.36 करोड़ का कमीशन अर्जित किया है।

16. बाजार व जनसंपर्क :

बैंक की छवि की दृश्यता को बढ़ाने के लिए बैंक का जनसंपर्क और जन संबंध विभाग मल्टी मीडिया कारपोरेट अभियान का कार्यान्वयन करता है और देश भर में बैंक के विभिन्न उत्पादों का प्रचार-प्रसार करता है। मीडिया संबंधी योजना को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में बैंक की टैग लाइन और थीम "रिश्तों की जमापूँजी" को पूर्ववत ही रखा गया है। रेडियो चैनलों और डिजिटल माध्यमों से बैंक के उत्पादों का प्रचार-प्रसार जोरदार ढंग से किया गया है। प्रिंट मीडिया में बडे राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों और विभिन्न प्रमुख पत्रिकाओं तथा OOH गतिविधियों यथा होर्डिंग/बिल बोर्ड/गैट्रीज के जरिए बैंक के उत्पादों का प्रचार किया जाता है।

17. कारोबार प्रक्रिया पुन-र्विन्यास :

बीपीआर विभाग ने बैंक में मौजूदा प्रणालियों और प्रक्रियाओं के साथ-साथ चेंज मैनेजमेंट के अन्य पहलुओं में सुधार लाने के लिए कार्य किया है। उठाये गये कदम निम्नानुसार हैं :-

स्टार परामर्श :

परिचालन और कारोबार प्रगति में बेहतरी के लिए कर्मचारियों को अपने विचार साझा करने हेतु विकसित संरचित स्टाफ परामर्श योजना "स्टार परामर्शह्न नाम से आरंभ की गई। प्राप्त सुझावों की फंक्शनल विभागों के साथ जांच की जाती है तथा उनके साथ मिलकर इनका विश्लेषण किया जाता है और तत्पश्चात उनका क्रियान्वयन हेतु चयन किया जाता है।

उत्पाद चैंपियन्स :

''प्रोडक्ट चैंपियन्स'' वे उत्पाद हैं जिन्हें मौजूदा उत्पादों और सेवाओं में सुधार लाने तथा बाजार प्रचलन और ग्राहकों की मांग के अनुरूप नये उत्पादों/सेवाओं के विकास के लिए परिष्कृत करने हेतु चुना गया है। विदेशी वित्त कारोबार/व्यापार वित्तपोषण हेतु ऑनलाइन ट्रेड फिनान्सिंग सिस्टम (टीएफ ऑनलाइन) मोबाइल वॅलैट एप - बीओआई पे, ई रिटेलर्स और ई-स्टेटमेंट के आपूर्तिकर्ताओं के वित्तपोषण हेतु ई-स्मार्ट फिनैंस प्रक्रियाधीन हैं।

गो-ग्रीन पहल:

वह प्लैटफॉर्म जो सभी बैंकों के आईटी और वैकल्पिक डिलिवरी चैनलों को एक साथ लाता है और ग्राहकों तक कहीं भी कभी भी बैंकिंग की सुविधा पहुंचाता है, का उपयोग करते हुए विभाग ने वर्ष के दौरान ई-स्टेटमेंट की एक सुरक्षित प्रणाली विकसित की है। इससे ग्राहकों को बार-बार शाखा में आने-जाने से मुक्ति मिलती है।

खातों को केंद्रीकृत रूप से खोलना:

यह पहल खाते खोलने, सी-केवाईसी (केंद्रीकृत केवाईसी) के लिए नए खातों के केंद्रीकृत सत्यापन हेतु है तथा यूसीआईसी (UCIC) ने मुंबई क्षेत्राधिकार में एनबीजी (पश्चिम-I) में प्रायोगिक परियोजना निर्धारत की है।

18. निरीक्षण एवं लेखापरीक्षा :

बैंक के पास जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा, जोखिम आधारित प्रबंधन लेखापरीक्षा (घरेलू), संगामी लेखापरीक्षा, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा तथा विदेशी शाखाओं की लेखापरीक्षा पर बोर्ड अनुमोदित नीति है। इन नीतियों को, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन करने तथा आरबीआई एएफआई रिपोर्ट में उल्लिखित क्षेत्रों को कवर करने तथा साथ ही बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के निर्देशों के अनुसार समीक्षा/संशोधित किया गया। 2016-17 के दौरान, विभाग ने 3,246 शाखाओं की लेखापरीक्षा आयोजित की। संगामी लेखापरीक्षा ने एफसीए द्वारा 728 शाखाओं, ट्रेजरी शाखा, डाटा सेंटर तथा प्रधान कार्यालय के विभागों को कवर किया तथा बैंक के आंतरिक अधिकारियों द्वारा 29 विदेशी शाखाओं को कवर किया गया। संगामी लेखापरीक्षकों ने 63.42% की वैश्विक जमा तथा 82.56% की वैश्विक अग्रिम को कवर किया।

बैंक ने अपनी अपेक्षाओं को पूरा करने हेतु समय-समय पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं।

- उच्च जोखिम तथा अधिक रेटिंग वाली शाखाओं में विवेकाधीन लेखापरीक्षा आयोजित की गई।
- लेखापरीक्षाधीन शाखाओं में निवारक सतर्कता उपायों के प्रभाव का मूल्यांकन।
- आयात संव्यवहारों/निर्यात अग्रिम विप्रेषण से संबंधित संव्यवहारों की जांच/सत्यापन के लिए चयनित प्राधिकृत डीलर शाखाओं की विशेष लेखापरीक्षा।

- बैंक के आंतरिक सूचना सिस्टम लेखापरीक्षकों द्वारा डाटा सेंटर तथा आपदा रिकवरी साइट की आईएस लेखापरीक्षा।
- ब्याज मानदंडों के सत्यापन, ब्याज प्रक्रिया को लागू करने तथा नमूना खातों में ब्याज की जाँच को सुनिश्चित करने हेतु डाटा सेंटर की संगामी लेखापरीक्षा।
- निर्देशों के अनुसार शीर्ष प्रबंधन, कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति तथा बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति को सभी महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों की नियमित रिपोर्टिंग।

19. विधि एवं सूचना का अधिकार :

बैंक का विधि विभाग एक मददकर्ता के रूप में कार्य करता है तथा प्रधान कार्यालय तथा अंचल के कार्यात्मक विभागों से उभरे मामलों पर सलाह, प्रलेखीकरण, मुकदमों के लिए प्लेटफार्म प्रदान करता है। एनबीजी/अंचल, घरेलू शाखाओं/विदेशी शाखाओं तथा बैंक के अनुषंगियों के निर्दिष्ट मामलों के कार्य करने के साथ, यह विभाग विभिन्न संविदाओं के प्रलेखों का प्रारूपण/संवीक्षा/ सेवा स्तरीय करार (एसएलए), सॉफ्टवेयर हार्डवेयर की खरीद, टाईअप व्यवस्थाएं/ नए उत्पाद, वित्त मंत्रालय, आरबाई, आईबीए की प्रश्नों का उत्तर देने, सांझे संचार मामलों पर राय तथा बैंक के विरूद्ध दावे से संबंधित मामलों पर भी कार्य करता है। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदनों का अधिनियम के अनुरूप उत्तर दिया जाता है। अंचलों/एनबीजी में केंद्रीय जनसूचना अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं। उपमहाप्रबंधक (विधि) बैंक के सीपीआईओ हैं। महाप्रबंधक, विधि अपीलीय अधिकारी हैं। विभाग ने संविधियों पर संशोधनों के बारे में एनबीजी/अंचलों को दिशानिर्देश जारी किया है।

20. अनुपालन:

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बैंक की अनुपालन कार्यनीति बैंक के बोर्ड (बोर्ड की बैठक दिनांक 26.02.2016) द्वारा अपनाई गई है। बैंक की सांविधिक, विनियामक एवं आतंरिक दिशानिर्देशों का अनुपालन, बैंक के घरेलू और विदेशी शाखाओं में अनुपालन कार्य का परिचालन कार्यक्षेत्र है। बैंक ने घरेलू शाखा बैंकिंग के लिए निम्नलिखित क्षेत्रों में क्रियान्वयन/ निगरानी के लिए, अनुपालन नियम तथा बैंकिंग गतिविधि तैयार की है :

- अपने ग्राहक को जानिए/धनशोधन निवारण/आतंकवाद के वित्तपोषण का प्रतिरोध;
- जमाराशियाँ व सेवाएं/ अग्रिम व फेमा

आरबीआई द्वारा निर्धारित ट्रांच III अनुपालन नियम हेतु तथा ओवरसीज़ केंद्रों पर लागू विनियामक अपेक्षाओं के लिए बैंक के अधिकारियों द्वारा आरबीआई द्वारा निर्धारित अनुपालन परीक्षण अभ्यास (नमूना आधार पर) हर छह महीने में किया जाता है।

केवाईसी/एएमएल/सीएफटी: विभाग को अपने ग्राहक को जानिए/ धनशोधन निवारण उपाय/आतंकवाद को वित्तपोषण का प्रतिरोध करने संबंधी दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन/निगरानी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। आरबीआई के द्वारा यथानिर्देशित सभी मौजूदा खातों में यथानिर्देशित केवाईसी कसौटियों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया है।

विभाग, आरबीआई तथा सभी विनियामक अभिकरणों के लिए जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (आरबीएस) का संपर्क बिंदु है। आरबीएस रिपोर्टों की जांच की जाती है और अनुपालन रिपोर्ट आरबीआई को सौंपी जाती है।

21. राजभाषा:

बैंक की राजभाषा विभाग की एक सुस्थापित संरचना है जो बैंक में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित प्रावधानों, भारत सरकार के दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है। विभाग के पहलों और उपलब्धियों में राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए विभिन्न प्राधिकरणों से कुल 28 पुरस्कार/ अवार्ड सहित 'ख' क्षेत्र में राजभाषा कीर्ति पुरस्कार - प्रथम पुरस्कार, 'ख' क्षेत्र में 'नराकास' श्रेणी में राजभाषा कीर्ति पुरस्कार का प्रथम पुरस्कार शामिल हैं। बैंक ने 122 हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया तथा कुल 2904 स्टाफ को उनकी हिंदी भाषा के कौशल को सुधारने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विश्व हिंदी दिवस (10.01.2017) को पूरे देश भर में 226 विद्यालय से 2588 विद्यार्थियों ने वादविवाद और भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

22. मानव संसाधन, अध्ययन एवं विकास और आंतरिक गृह पत्रिका

मानव संसाधन की परिवर्तनकारी नीति, क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करती है, उचित कौशल के साथ जनशक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करती है, मौजूदा जनशक्ति का इष्टतम उपयोग करती है तथा कौशल संबंधी कमियों को दूर करती है। कारोबार नीति योजना के अनुरूप वर्तमान और भावी मानव संसाधन, आने वाले समय के साथ तालमेल बनाते हुए सतत आधार पर मानव संसाधन रूपांतरण पर ध्यान केंद्रित करता है। बैंक ने वर्ष के दौरान 299 सामान्य बैंकिंग, 80 विशेषज्ञ अधिकारी तथा 958 लिपिकों की भर्ती की है। इसमें नियमित आधार पर कॉरपोरेट क्रेडिट, जोखिम प्रबंधन, कोषागार, सूचना तकनीक तथा मार्केटिंग के क्षेत्र में कौशल अंतरों की कमियों को दूर करने का प्रयास किया गया है।

आरक्षण नीति का अनुपालन:

बैंक भारत सरकार की आरक्षण नीति का अनुपालन कर रहा है। प्रधान कार्यालय/आंचलिक कार्यालयों में स्थित भर्ती एवं एससी/एसटी कक्ष, आरक्षण नीति के अनुपालन तथा एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों से संबंधित शिकायतों का निवारण करना सुनिश्चित करता है।

प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक ओबीसी तथा एससी/एसटी हेतु मुख्य संपर्क अधिकारी हैं। एससी/एसटी/ओबीसी वर्ग के अधिकारी, आंचलिक कार्यालय में पदनामित संपर्क/कक्ष अधिकारी हैं। भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार पद आधारित आरक्षण रोस्टर का रखरखाव किया जाता है।

एससी/एसटी/ओबीसी स्टाफ (भारतीय) का प्रतिनिधित्व :

मार्च 2017	अधिकारी	लिपिक	अधीनस्थ स्टाफ	कुल
कुल	21257	18720	7773	47750
एससी	3794	3073	2607	9474
कुल स्टाफ का %	17.85	16.42	33.54	19.84
एसटी	1786	1957	863	4606
कुल स्टाफ का %	8.40	10.45	11.10	9.65
ओबीसी	4386	4109	1674	10169
कुल स्टाफ का %	20.63	21.95	21.54	21.30

अध्ययन एवं विकास: प्रशिक्षण प्रदान करने तथा प्रतिभा विकास कार्यक्रम, के लिए अध्ययन एवं विकास हेतु एक पृथक कक्ष कार्यरत है। ई-लर्निंग मोड्यूलों के जरिए कर्मचारियों की क्षमता संवर्द्धित करने तथा विभिन्न खंडों में बदलती

कारोबारी गतिकी, स्टाफ को उपयुक्त कौशल तथा ज्ञान से परिपूर्ण करने के लिए बैंक ने ई-लर्निंग मॉड्यूल शुरू किए हैं। बैंक के प्रशिक्षण महाविद्यालयों ने वर्ष भर में कुल 24,000 स्टाफ सदस्यों तथा आरआरबी सहित अन्य संस्थानों के 500 प्रशिक्षुओ को प्रशिक्षण प्रदान किया है। कुल 4428 स्टाफ को सहायक महाप्रबंधकों के लिए कार्यपालक विकास कार्यक्रम, कोषगार परिचालन तथा डीलरों के लिए बोर्ड कार्यक्रम, आंतरिक पदोन्नति प्रक्रिया के लिए पदोन्नति-पूर्व कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वर्ष के दौरान संकाय सदस्यों के लिए विशेष सत्र तथा 300 विद्यार्थियों को ग्रीष्म कालीन इंटर्नशिप का आयोजन किया गया।

तारांगण तथा बीओआई वार्ता (हिंदी) :

बैंक की आंतरिक गृह पत्रिका 'तारांगण' अपने प्रारंभ वर्ष 1964 से बैंक में आंतरिक संपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है। यह बैंक में कर्मचारियों की संबद्धता को प्रोत्साहित करने के माध्यमों में से एक है। यह कर्मचारियों के लिए उनकी सृजनात्मकता और ज्ञान को अभिव्यक्त करने का एक प्लेटफॉर्म है। गृहपत्रिका पूरे भारत और विदेश में अंचल/शाखा/कार्यालय में आयोजित होने वाली सामाजिक, प्रचारात्मक, स्टाफ की उपलब्धियों तथा अन्य गतिविधियों का क्रियान्वयन करती है। बैंक की पत्रिका ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान 18 पुरस्कार जीते हैं तथा प्रतिष्ठित संस्थाओं से सराहना प्राप्त की है जिसमें ब्रांड उत्कृष्टता गृहपत्रिका हेतु दो अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार शामिल हैं।

कर्मचारियों को अपने सरकारी कार्यों में हिंदी का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु, बैंक ने हिंदी प्रचार-प्रसार बढ़ाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया है जैसे कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण, कार्यशाला, प्रतियोगिता तथा अन्य कार्यक्रम। हिंदी गृह पत्रिका भी कर्मचारियों को उनके दैनिक सरकारी कार्य में हिन्दी के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करने हेतु एक महत्वपूर्ण माध्यम है। बैंक ने इस वर्ष हिंदी पत्रिका का नाम बदलकर 'बीओआई वार्ता' (पहले मेघतारा) कर दिया है। बीओआई वार्ता ने, 18 फरवरी 2017 को एर्नाकुलम, केरल के प्रैस क्लब द्वारा सर्वश्रेष्ठ हिंदी प्रोत्साहन का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

23. ग्राहक श्रेष्ठता शाखा बैंकिंग :

ग्राहक उन्मुखता तथा पारदर्शी तरीके से उच्च स्तरीय सेवा प्रदान करने की प्रतिबद्धता हेतु, विवेकशील निर्णय लेने के लिए ग्राहकों को आवश्यक जानकारी प्रदान करने हेतु बैंक प्रारंभ से ही भारतीय बैंकिंग कोड तथा मानक बोर्ड का स्वैच्छिक सदस्य है। बैंक ने ग्राहकों को सेवा प्रदान करने हेतु ग्राहक अधिकार नीति, ग्राहक स्वीकार्यता, देखरेख तथा निवारण नीति तथा शिकायत निवारण नीति पर विभिन्न नीतियों को अपनाया तथा संशोधित किया है। प्रचालनात्मक ग्राहक संबंध प्रबंधन (ओसीआरएम) ने वेब/मेल आधारित ग्राहक सुझावों और समस्याओं को दर्ज करना आरंभ किया है। बैंक ने तोमर के अधिकार को सचित्र पुस्तिका के रूप में वेबसाइट पर हिंदी, अंग्रेजी और मराठी में प्रकाशित किया है। चयनित शाखाओं में बैंक के एटीएम स्क्रीन/ डिजीटल साइनिक में ग्राहक जागरूकता अभियान को प्रदर्शित करते हैं।

24. शाखा नेटवर्क और विस्तार :

बैंक के पास वैश्विक स्तर पर सभी टाइम ज़ोन में 5016 शाखाओं के स्वदेशी शाखा नेटवर्क तथा 29 ओवरसीज़ शाखाओं सहित 32 प्रतिनिधि कार्यालय है। वर्ष के दौरान, घरेलू शाखा नेटवर्क में कुल 115 नई शाखाएं जोडी गई। बैंक की ग्रामीण और अर्द्धशहरी शाखाएं, घरेलू शाखाओं के 66.15% का निर्माण करती है जबकि विशेषीकृत शाखाएं 5.29% का।

25. बैंक की अनुषंगियां/सहायक कंपनियां/संयुक्त उद्यम

बैंक ने 1989 में बीओआई शेयरहोल्डिंग लि. (BOISL), बीएससी के साथ संयुक्त उद्यम में ₹ 6.64 करोड़ निवेश किए हैं। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान बैंक ने 49% के बीएससी शेयरों का अर्जन किया। फलस्वरूप यह अब बैंक की 100% पूर्णत: स्वामित्व की अनुषंगी है। बीओआईएसएल राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लि. (NSDL) और केंद्रीय निक्षेपागार सेवा (भारत) लि. (CDSL) दोनों निक्षेपागारों हेतु निक्षेपागार सहभागी के रूप में कार्य करता है। कंपनी महाराष्ट्र, गुजरात, नई दिल्ली, तामिलनाडु, तेलंगना, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और कर्नाटक सरकार की ओर से ब्रोकर आवर्त स्टाम्प शुल्क के संग्रहण का कारोबार करता है।

बीओआई एक्सा निवेशप्रबंधक प्रा.लि. तथा बीओआई एक्सा ट्रस्टी सेवा प्रा.लि. :

ये अनुषंगी, म्यूचुअल फंड और पोर्टपोलियो प्रबंधन के कारोबार में है। बैंक ऑफ़ इंडिया ने ₹ 56.32 करोड़ के निवेश के साथ इन दोनों कंपनियों में 51% शेयर का धारण किया हुआ है।

बीओआई मर्चेंट बैंकर लि. (BOIMB) :

BOIMB को 31.10.2014 को सामूहिक ऋण, बॉन्ड तथा डिबेंचर की व्यवस्था करने सहित मर्चेंट बैंकिंग कारोबार करने हेतु संस्थापित किया गया था। ₹ 10 करोड़ की प्राप्त पूंजी के साथ यह बैंक की पूर्णत: स्वामित्व वाली अनुषंगी है।

STCI फाइनेंस लि.

STCI फाइनेंस लि. एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी है जिसकी स्थापना 1994 को हुई। 29.96% की शेष पूंजी के साथ बैंक ऑफ़ इंडिया STCI में ₹ 380 करोड़ की प्रदत्त पूंजी सहित सबसे बड़ा हितधारक है। एऊण्ध् प्राइमरी डीलर लि. (STCIPD) STCI वित्तीय लिमिटेड की पूर्णकालिक स्वामित्व की अनुषंगी है। STCIPD ने 25 जून 2007से प्रचालन शुरू किया तथा यह देश की अग्रणी कंपनियों में से एक है।

स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (सुड लाइफ)

अपने ग्राहकों को आश्वासित लाइफ इंश्योरेंस सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक ऑफ़ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया तथा दाई-इची लाइफ इन्शोरेन्स कंपनी, जापान ने "स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का गठन किया है। कंपनी ने फरवरी 2009 से बीमा कारोबार आरंभ किया। ₹ 75 करोड़ के निवेश के साथ कंपनी की प्रदत्त पूंजी में बीओआई ने 28.96%, यूबीआई ने 25.10% तथा दाई-इची लाइफ इन्शोरेन्स कंपनी ने 45.94% धारण किया है।

निवेश/गठबंधन:

केंद्रीय निक्षेपागार सेवा (इंडिया) लि. को बीएसई द्वारा अन्य बैंकों के साथ 1997 में संस्थापित किया गया। CDSL के ₹ 104.50 करोड़ की प्रदत्त पूंजी में बैंक की हिस्सेदारी 5.57% है।

ASREC (इंडिया) लि. को जांच तथा आस्ति पुनर्गठन गतिविधियां करने के लिए यूनिट ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया के विनिर्दिष्ट उपक्रम के रुप में शुरू किया गया था। बैंक के पास कंपनी के ₹ 98 करोड़ की इक्विटी पूंजी में 26.2% की भागीदारी है।

नैशनल कोलेट्रल मैनेजमेंट सर्विसेस लि. (NCML) को नैशनल कमॉ डिटि एण्ड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लि. (NCDEX) द्वारा स्थापित किया गया। यह प्रतिभूतियों तथा वस्तुओं को सुरक्षित प्रबंधन तथा नियंत्रण रखने के लिए संपार्श्विक प्रबंधन सेवाओं को बढ़ावा देने तथा उपलब्ध कराने हेतु 28.09.2004

को निगमित हुआ। बैंक ने ₹ 3 करोड़ की प्रदत्त पूंजी निवेशों के साथ कंपनी की इक्विटी पूंजी में 10.17% के शेयरको धारित किया है।

स्विफ्ट इंडिया जेनेस्टिक सर्विस प्रा.लि. संयुक्त उद्यम कंपनी को स्विफ्ट और बैंक ऑफ़ इंडिया सहित 9 प्रमुख बैंकों द्वारा प्रोन्नत किया गया है। स्विफ्ट के पास इक्विटी की 55% धारिता है और शेष 45% धारित 9 प्रमुख बैंकों के पास है। कंपनी में ₹ 7.71 करोड़ के निवेश के साथ बैंक ऑफ़ इंडिया की इक्विटी स्टेक 5% है।

एसएमई रेटिंग एजेंसी ऑफ़ इंडिया लि. (SMERA) एक प्रमुख ऋण रेटिंग एजेंसी डन एण्ड ब्रैडस्ट्रीट के सहयोग से सिडबी द्वारा वित्तीय वर्ष 2005-06 के दौरान एर्ईं की स्थापना की गई। SMERA का प्रमुख उद्देश्य एक व्यापक, पारदर्शी और विश्वसनीय रेटिंग प्रदान करता है जिससे SME क्षेत्र को बड़ी मात्रा में और आसानी से ऋण की उपलब्धता होगी। बैंक की ₹ 0.40 करोड़ के निवेश के साथ इक्विटी पूंजी में नाममात्र स्टेक 4% निर्धारित है।

अन्य महत्वपूर्ण निवेश :

बैंक की बीएसई लि. (₹ 49.97 करोड़) CERSAI (₹ 2.15 करोड़) इक्वीफैक्स क्रेडिट इन्फार्मेशन सर्विसेस लि. (₹ 4.73 करोड़), यू.वी.एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कं.लि. (₹ 0.15 करोड़), क्लियरिंग कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया (₹ 0.50 करोड़), अग्रीकल्चरल फायनांस कारपोरेशन लि. (₹ 1.26 करोड़) सिड्बी (SIDBI) (₹ 45.30 करोड़), टूरिज़म फिनैन्स कारपोरेशन लि. (₹ 8.59 करोड़) सेन्ट्रल वायर हाउसिंग कारपोरेशन लि. (₹ 1.11 करोड़), लॉस डाटा (कंसोर्सियम) CORDEX (₹ 1 करोड़) SBIDFHI (₹ 6.34 करोड़, NPCI (₹ 10 करोड़), MCX स्टॉक एक्सचेंज लि. (₹ 27.50 करोड़) CSC ई-गवर्नेंस सर्विसेस इंडिया लि. (₹ 1 करोड़) इन्वेस्ट एसेट सिक्यूरीटी स्टेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन प्रा. लि. (₹ 10 करोड़) में भी महत्वपूर्ण निवेश है।

26. सतर्कता/धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन :

बैंक की सतर्कता प्रणाली का नेतृत्व मुख्य सतर्कताअधिकारी (सीवीओ) करते हैं, जिन्हें भारत सरकार, वित्त मंत्रालय तथा केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा नियुक्त किया जाता है। सभी सतर्कता मामलों में अनुशासनिक प्राधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारियों को सूचना प्रदान करने में सीवीओ की सहायता के लिए ऐसे अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं जिनके पास जांच एवं अनुशासनिक कार्रवाई के मामलों में ज्ञान/पृष्ठभूमि होने के साथ-साथ बैंकिंग की भी जानकारी है। सुरक्षात्मक सतर्कता उपायों की पहल करने में एवं उनका प्रचार-प्रसार करने में भी सतर्कता विभाग ध्यान केंद्रित करता है। बैंक के पास सभी एनबीजी कार्यालयों में आठ पृथक "सतर्कता इकाई" हैं। बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) द्वारा भेजे गए सतर्कता मामलों में भी सतर्कता विभाग सीवीओ द्वारा दी गई सूचना प्रदान करता है।

धोखाधडियों को खत्म नहीं किया जा सकता परंतु धोखाधड़ी जोखिम को अन्य कारोबार जोखिमों के साथ अग्रसक्रिय फ्रेमवर्क व दृष्टिकोण के साथ कम, प्रबंध, नियंत्रित किया जा सकता है। धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन विभाग निम्न क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से सभी धोखाधड़ी संबंधी मामलों की देखरेख करता है - बैंक हेतु एफआरएम नीति के निर्माण व प्रशासन, धोखाधडियों की रिपोर्टिंग और निगरानी, धोखाधडियों पर केंद्रीकृत डाटा का रखरखाव, की गई धोखाधडियों तथा धोखाधडियों के प्रयासों के मूल कारण का विश्लेषण तथा निदान तथा किसी भी उत्पाद की कमियों हेतु उपचारी उपायों का कार्यान्वयन, सिस्टम में कमियों को दूर करना, परिपत्रों/अनुदेशों के जरिए धोखाधड़ी की कार्य प्रणाली और धोखाधड़ी के कारणों की जानकारी देना ताकि उस प्रकार की धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। स्टाफ को धोखाधड़ी निवारण पर शॉर्ट अलर्ट संदेशों, टिकरों/आवधिक संदेशों एमएमएस/प्रशिक्षण/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जागरूक करना, धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए जांच के बिंदु आवधिक परिचालन, पुलिस मामलों और एफआईआर पर अनुवर्ती कार्रवाई करना, बैंक फिनेकल सिस्टम में धोखाधड़ी के रूप में खातों से संबंधित अग्रिमों की फ्लैगिंग, धोखाधड़ी में शामिल राशि का प्रावधान और लेखाकरण, बीमा कंपनियों के बीमा दावों हेतु पंजीकरण और अनुवर्ती कार्रवाई करना।

27. कारोबार दायित्व रिपोर्टिंग 2016-17

सेबी सूचीकरण विनियमन - 2016 का क्लॉज 34(2) (एफ)। इसका विवरण हमारी वेबसाइट www.bankofindia.com में उपलब्ध है।

28. बासेल III (स्तंभ3)-प्रकटन(समेकित)मार्च 2017

बासेल-III पूंजी विनियमन पर आरबीआई परिपत्रसं.DBOD.No.BP.BC.1/21.06.201/2015-16 दिनांक 1 जुलाई, 2015 जिसे पूंजी पर्याप्तता और चलनिधि मानक - संशोधनों पर आरबीआई परिपत्र सं.DBR.No.BP.BC.80/21.06.201/2014-15 दिनांक 31 मार्च,2015 के साथ पढ़ा जाए, के अनुसार बैंकों को बासेल-III के तहत लागू स्तम्भ 3 प्रकटन करना ज़रूरी है जिसमें लीवरेज अनुपात और चलनिधि कवरेज अनुपात शामिल हैं। ये प्रकटन हमारी वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध हैं:- http://www.bankofindia.co.in/english/Regdisclosuresec.aspx.

आभार

बोर्ड, भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के प्रति उनके यथोचित मार्गदर्शन तथा सहायता के लिए अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता है। बोर्ड वित्तीय संस्थाओं एवं संपर्ककर्ता बैंकों के प्रति भी उनके सहयोग एवं सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता है। बोर्ड ग्राहकों, कारोबार सहयोगियों एवं शोयरधारकों की असीमित सहायता हेतु आभार व्यक्त करता है। साथ ही बोर्ड बैंक के समग्र निष्पादन के लिए स्टाफ सदस्यों के प्रति भी उनकी समर्पित सेवाओं और सहयोग के लिए अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता है।

बोर्ड के निदेशकों के लिए एवं उनकी ओर से

दीनबंधु मोहापात्रा
प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थल : मुंबई
दिनांक : 9 जून, 2017

MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

GLOBAL SCENARIO

बकाया ऋण और अग्रिमों की समीक्षा मात्रात्मक दृष्टिकोण द्वारा कर निम्नानुसार वर्गीकृत की जानी चाहिए:

गत देय दिनों की संख्या	वर्गीकरण	प्रावधानीकरण
91-180	अवमानक	10%
181-270	संदिग्ध	50%
271 और अधिक	हानि	100%

5.0 बैंक ऑफ़ इंडिया(तंजानिया) लि.

बकाया ऋण और अग्रिमों की समीक्षा मात्रात्मक दृष्टिकोण द्वारा कर निम्नानुसार वर्गीकृत की जानी चाहिए:

गत देय दिनों की संख्या	वर्गीकरण	प्रावधानीकरण
91-180	अवमानक	20%
181-270	संदिग्ध	50%
271 और अधिक	हानि	100%

6.0 बैंक ऑफ़ इंडिया युगांडा

बकाया ऋण और अग्रिमों की समीक्षा मात्रात्मक दृष्टिकोण द्वारा कर निम्नानुसार वर्गीकृत की जानी चाहिए:

गत देय दिनों की संख्या	वर्गीकरण	प्रावधानीकरण
91-179	अवमानक	20%
180-365	संदिग्ध	50%
365 और अधिक	हानि	100%

7.0 बैंक ऑफ़ इंडिया (बोस्तवाना) लि.

बकाया ऋण और अग्रिमों की समीक्षा मात्रात्मक दृष्टिकोण द्वारा कर निम्नानुसार वर्गीकृत की जानी चाहिए:

गत देय दिनों की संख्या	वर्गीकरण	प्रावधानीकरण
1 वर्ष	मानक	प्रतिभूत - 20% अप्रतिभूत - 25%
1 वर्ष से अधिक एवं 2 वर्ष से कम	संदिग्ध	25% + कमी का 100%
2 वर्ष से अधिक से 4 वर्ष तक	संदिग्ध	40% + कमी का 100%
4 वर्ष से अधिक	संदिग्ध	100%
271 एवं अधिक	हानि	100%

ख) बैंक के ऋण जोखिम प्रबंधन नीति पर चर्चा

क. बैंक ऑफ़ इंडिया

- एक बैंक के पोर्टफोलियों में, एक ग्राहक अथवा प्रतिपक्ष का उधार, व्यापार समझौता और अन्य वित्तीय लेन-देन के प्रतिबद्धता को पूर्ण करने की अक्षमता या अनिच्छा से अथवा ऋण नीति में वास्तविक या महसूस किए गए ह्रास से पोर्टफोलियों के बढ़ते मूल्य की एकमुश्त चूक से हानि उत्पन्न होती है।
- इन कमियों के विरुद्ध बैंक के दीर्घावधि वित्तीय स्वास्थ्य के लिए एक दृढ़ जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क की आवश्यकता है। ऋण जोखिम प्रबंधन में पहचान, मापन, निगरानी तथा ऋण जोखिम नियंत्रण सम्मिलित है।
- ऋण जोखिम प्रबंधन नीति में सामान्य स्तर पर बैंक ने विभिन्न प्रकार के ऋण जोखिम की पहचान की है। उत्पाद/प्रक्रियाओं के स्तर पर अधिक सूक्ष्मता से पहचान होती है। नए उत्पादों/प्रक्रियाओं को आरम्भ करने से पहले विभिन्न जोखिमों का आकलन किया जाता है, जिसे जोखिम दृष्टिकोण से जोखिम रहित किया जाता है।
- ऋण जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क में तीन विशिष्ट खण्डों को इसकी नीति में समाहित किया गया है जो है- नीति एवं कार्यनीति, संस्थागत ढ़ांचा और परिचालन/प्रणाली।

i. नीति और कार्यनीति

बैंक संतुलित जोखिम दर्शन को अपनाता रहा है, जिससे कठिन समय में भी बैंक अपने संतुलन को बनाए रख पाया। यद्यपि नए तथा अनछुए क्षेत्रों के संबंध में बैंक की एक खुली नीति रही है तथा नए अवसरों को बैंक ने हमेशा पहचाना है। इस दर्शन के महत्वपूर्ण पक्षों को परिपत्रों में दर्शाया गया है तथा समय-समय पर अनुदेश पुस्तिका रूप में संहिताबद्ध किया गया है।

लाभप्रदता, सामना किए जानेवाले विभिन्न जोखिमों के स्तर, पूँजी स्तर, बाजार परिदृश्य तथा प्रतियोगिता को दृष्टिगत रखते हुए बैंक के कारोबारी उद्देश्यों और कार्यनीतियों का निर्णय लिया जाता है। बैंक की सोच हमेशा आस्ति गुणवत्ता तथा अर्जन पर रहती है अतएव वह विवेकपूर्ण ढ़ंग से जोखिम नियंत्रण सहित लाभप्रदता को अधिक करने का प्रयास करता है।

ऋण जोखिम प्रबंधन नीति तथा सार्थक ऋण जोखिम संबंधी नीति जैसे ऋण नीति तथा ऋण अनुप्रवर्तन नीति का अनुमोदन तथा आवधिक तौर पर समीक्षा निदेशक मंडल द्वारा की जाती है। ऋण नीति विभिन्न क्षेत्रों का ध्यान रखती जैसे ग्राहक, विपणन, उधार के क्षेत्रवार अभिगम, ऋण सुपुर्दगी, ऋण पर जोर, ऋण अवधि, ऋण अर्जन, जोखिम श्रेणी निर्धारण (जोखिम स्वीकार मानदंड सहित), कीमत निर्धारण, ऋण मूल्यांकन, सीमाओं का निर्धारण, ऋण जोखिम मानदंड, उद्योग मानदंड, संपार्श्विक और मार्जिन, रिश्तों की समीक्षा, प्रत्यायोजन कर योजना सांविधिक तथा अन्य नियंत्रण तथा प्रलेखीकरण। अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों हेतु ऋण नीति है और प्रत्येक केन्द्र की अपनी क्रेडिट नीति है जो मुख्य नीति से मेल खाती है। ऋण मामले में शक्तियों के प्रत्यायोजन के लिए एक अलग नीति है। इसके अतिरिक्त ऋण जोखिम की पहचान तथा निगरानी ऋण अनुप्रवर्तन नीति के अंतर्गत की जाती है। पुनर्गठन नीति, बैंक जोखिम नीति, देश जोखिम नीति तथा ऋण लेखापरीक्षा नीति भी है। निवेश समिति द्वारा अनुमोदन के बाद तथा निवेश नीति में दिए गए नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुसार निवेश अनुबंधित होता है।

ii. संस्थागत ढांचा

ऋण जोखिम प्रबंधन कार्य हेतु बैंक के संस्थागत ढांचे में शीर्ष स्तर पर निदेशक मंडल है जो जोखिम प्रबंधन पर व्यापक पर्यवेक्षण रखता है। बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आर कॉम) जो कि बोर्ड की उप-समिति है तथा जिसके अध्यक्ष बैंक के अध्यक्ष और इसके सदस्य के रुप में ऋण, मार्केटिंग और परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन समिति के प्रमुख हैं जो ऋण जोखिम सहित समेकित जोखिम प्रबंधन की नीति और कार्यनीति निर्धारित करते हैं। परिचालनात्मक स्तर पर ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) ऋण जोखिम का दायित्व संभालते हैं। इसके मुख्य कार्यों में बोर्ड द्वारा अनुमोदित ऋण जोखिम प्रबंधन नीति का कार्यान्वयन, बृहत आधार पर बैंक के ऋण जोखिम की निगरानी, ऋण प्रत्यायोजन, बृहत ऋण जोखिम पर विवेकपूर्ण सीमा, पोर्टफोलियों प्रबंधन आदि सहित ऋण मामलों से संबंधित सभी नीतियों का बोर्ड से अनुमोदन हेतु अनुशंसा करना है।

जोखिम प्रबंधन विभाग महाप्रबंधक पद के मुख्य जोखिम अधिकारी के देखरेख में कार्यरत है जो जोखिम प्रबंधन पर बोर्ड द्वारा निर्धारित सीमाओं के अंदर व्यापक रूप से ऋण जोखिम का मापन, नियंत्रण तथा प्रबंधन करता है तथा बोर्ड/आर कॉम/सीआरएमसी द्वारा तय जोखिम मानदंडों के साथ अनुपालन सुनिश्चित करता है। महाप्रबंधक के अंतर्गत कार्यरत ऋण निगरानी विभाग ऋण पोर्टफोलियों का अनुप्रवर्तन करता है, समस्याओं की पहचान करता है तथा कमियों को दूर करने का उपाय करता है। ऋण लेखापरीक्षा कार्यों में ऋण समीक्षा/ऋण लेखापरीक्षा का समावेश है।

iii. परिचालन/प्रणाली/प्रक्रियाएं

बैंक ऋण प्रदान करने के लिए निरंतर एक मानक, तुलन पत्र में शामिल न होनेवाली मदों सहित सभी ऋण जोखिमों का अनुरक्षण तथा प्रलेखीकरण, आवधिक व्यक्तिगत बाध्यताधारी समीक्षा, आवधिक निरीक्षण तथा संपार्श्विक प्रबंधन प्रणाली जैसी स्वत: पहल कर ऋण जोखिम प्रबंधन करता है।

ऋण जोखिम सीमा में उद्योग द्वारा बाध्यताधारी सीमा व संकेन्द्रण सीमा, ग्राहकों के वित्तीय कार्यनिष्पादन हेतु प्रणाली व प्रक्रिया हेतु निगरानी तथा सीमा में बकाया नियंत्रण सम्मिलित है। ऋण विस्तार हेतु जांच तथा अधिशेष है यथा ऋण स्वीकृति से ऋण जोखिम प्रबंधन को अलग करना, सीआरएमसी द्वारा जोखिम दृष्टिकोण से नए उत्पादों तथा प्रणाली का पुनरीक्षण, बहु ऋण अनुमोदक, जोखिम निर्धारण करने की प्रणाली, ग्राहक के जोखिम ग्रेडिंग पर आधारित कीमत सुविधाओं की प्रणाली, जोखिम दृष्टिकोण से ऋण प्रस्तावों के पुनरीक्षण हेतु ऋण जोखिम मूल्यांकन समिति, ऋण प्रक्रिया लेखापरीक्षा, स्वीकृति पूर्व संवितरण पूर्व समीक्षा तथा स्वीकृति पूर्व समीक्षा प्रणाली तथा

स्वतंत्र लेखापरीक्षा व जोखिम समीक्षा कार्य निवेशों हेतु प्रस्ताव ऋण जोखिम विश्लेषण, विस्तृत मूल्यांकन तथा क्रम निर्धारण के अध्यधीन है। प्रवेश स्तर के मामले में, न्यूनतम क्रमनिर्धारण/गुणवत्ता मानक, उद्योग, परिपक्वता, अवधि, निर्गम अनुसार मामले निवेशों हेतु विनिर्धारित किए गए हैं जिससे कि तरलता के जोखिम तथा संकेन्द्रण के विपरीत प्रभाव को कम कर सकता है। अन्य बैंकों पर सकल जोखिम पर केन्द्रीयकृत परिदृश्य प्रदान करने हेतु एक उचित फ्रेमवर्क तथा अर्धवार्षिक समीक्षा की गई है। देश के जोखिम का अनुप्रवर्तन अर्धवार्षिक आधार पर होता है।

जोखिम आस्तियों के विविधतापूर्ण पोर्टफोलियों का अनुरक्षण किया जाता है तथा पोर्टफोलियों के नियमित विश्लेषण करने की एक प्रणाली है जिससे कि जोखिम संकेन्द्रण के जोखिम नियंत्रण को सुनिश्चित किया जा सके। अनर्जक अग्रिमों के संबंध में एक संतुलित नीति प्रक्रियागत है। ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली के आरम्भ सहित प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) उन्नतिशील किया गया है जिससे कि बैंक की क्षमताएं बढ़ेगी तथा तुलन पत्र में न आनेवाली अनिवाली सभी गतिविधियों के ऋण जोखिम का बैंक प्रबंधन करेगा।

iv. ऋण जोखिम प्रबंधन/न्यूनीकरण हेतु निम्नलिखित साधनों का उपयोग किया जाता है -

➢ ऋण अनुमोदित करने संबंधी प्राधिकार अधिकारों का प्रत्यायोजन

बैंक में बहु स्तरीय जोखिम आधारित अनुमोदित प्रणाली वाली सुस्पष्ट प्रत्यायोजन अधिकार की योजना है जिसकी आवधिक समीक्षा की जाती है और कारोबार के वातावरण की अनिवार्यता को पूरा करने के लिए जब एवं जैसा आवश्यक होता है, उसे संशोधित किया जाता है। अधिकारियों का प्रत्यायोजन उधारकर्ताओं के रेटिंग के साथ लिंक की हुई है जहां बेहतर रेट वाले ग्राहकों को उच्चतर सीमा की मंजूरी देने का अधिकार है। वर्तमान में सभी ऋण प्रस्तावों पर जो महाप्रबंधक और उससे उच्चतर प्राधिकारी को प्रत्यायोजित प्राधिकारमें आते हैं। "ऋण जोखिम मूल्यांकन समिति (सीआरईसी)" के माध्यम से कार्रवाई की जाती है जिससे ऋण प्रस्तावों में जोखिमों को स्वतंत्र एवं परोक्ष रूप से मूल्यांकन समझा जा सके। जोखिम प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक जिसे कोई मात्रात्मक या लाभ का लक्ष्य नहीं है सीआरईसी का अनिवार्य सदस्य होता है। वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर प्रत्यायोजित अधिकारों के प्रयोग हेतु स्वीकृति के अधिकारी सहित गठित की गई हैं। प्रधान कार्यालय स्तर पर फील्ड में कार्यरत अधिकारियों को प्रत्यायोजित अधिकारों से परे प्रस्तावों पर कार्रवाई करने के लिए तीन ऋण समितियाँ (जीएमएलसीसी, ईडीएलसीसी एवं सीएसी) कार्यरत हैं। आंचलिक कार्यालय/ एनबीजी कार्यालय में उनके अधिकारों में आनेवाले ऋण प्रस्तावों पर विचार करने के लिए इसी प्रकार ऋण समितियाँ (एसजेडएलसीसी/जेडएलसीसी/एनबीजीएलसीसी) का गठित की गई है।

➢ विवेकपूर्ण सीमाएँ

विभिन्न प्रकार के उधारकर्ताओं के लिए ऋण/निवेश के विविध पहलुओं जैसे एकल/समूह उधारकर्ता सीमाओं के संबंध में उपयुक्त विवेकपूर्ण सीमाएँ हैं।

➢ जोखिम श्रेणी निर्धारण/मूल्य निर्धारण

काऊन्टर पार्टी के विभिन्न जोखिम घटकों के लिए एकल बिन्दु इन्डीकेटर तथा क्रेडिट तथा मूल्य निर्धारण में सहायता हेतु बैंक ने विभिन्न खण्डों में श्रेणी निर्धारण माडल आरंभ किया है।

➢ ऋण लेखा परीक्षा/ऋण समीक्षा व्यवस्था (एलआरएम)

ऋण लेखा परीक्षा/ऋण समीक्षा व्यवस्था ऋण बही की गुणवत्ता के लगातार मूल्यांकन करने और ऋण प्रबंध में गुणात्मक सुधार लाने हेतु एक प्रभावी साधन है।

v. विश्लेषण के माध्यम से संविभाग प्रबंधन

विभिन्न ऋण पोर्टफोलियों एवं निवेशों की समग्र संरचना और गुणवत्ता की निगरानी के लिए एक उपयुक्त प्रणाली होना भी महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य से शुरुआत के लिए बैंक ने एक सरल पोर्टफोलियों निगरानी फ्रेमवर्क प्रारंभ किया है। आगे चलकर बैंक और अधिक परिष्कृत पोर्टफोलियों प्रबंधन मॉडल तैयार करेगा। रु 10 लाख और इससे अधिक वाले खातों में रेटिंग माइग्रेशन छ:माही किया जा रहा है और बोर्ड को प्रस्तुत किए जाते हैं। क्रेडिट रिस्क मैनेजमेंट साफ्टवेयर (सीआरएमएस) चरणबद्ध रुप से कार्यान्वित किया जा रहा है। बैंक एडवांस एप्रोच को स्वीकार करने के लिए तैयार हो रहा है।

vi. जोखिम मापांकन

वर्तमान में ऋण जोखिम का निर्धारण जोखिम श्रेणी निर्धारण व्यक्तिश: स्तर पर करने और पोर्टफोलियो स्तर पर आस्तियों के भारांक एवं जोखिम भारांको के आधार पर रखी गई पूँजी के माध्यम से किया जाता है। 31 मार्च 2008 से प्रभावी नवीन पूँजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बासेल छ) के अन्तर्गत बैंक ने मानक दृष्टिकोण को अपना लिया है।

vii. जोखिम रिपोर्टिंग प्रणाली

सभी ऋण संबंधी नीतियाँ अनुमोदन के लिए उचित प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले सीआरएमसी (जो ऋण जोखिम के लिए परिचालन स्तर की समिति है) द्वारा अनुमत की जाती है। उचित निगरानी करने के लिए विभिन्न ऋण संबंधी सूचनाएँ सीआरएमसी को प्रस्तुत की जाती है।

viii. जोखिम समीक्षा

लेखापरीक्षा-ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली एवं साधन भी प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा के अध्यधीन हैं।

ख. पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी) ने संपूर्ण जोखिम प्रबंधन को स्वीकृत लक्षित, समन्वित और सतत बनाने की आशा से जोखिम जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) तथा जोखिम प्रबंधनइकाई (आरएमयू) स्थापित की है जो परिचालन इकाई और आंतरिक लेखा परीक्षा इकाई ('"आंतरिक लेखा परीक्षा") से स्वतंत्र है। इसके अतिरिक्त आरएमसी और आरएमयू के कार्यों के कार्यान्वयन के प्रभाव की निगरानी के लिए बैंक ने जोखिम निगरानी समिति बनाई है जो सीधे बोर्ड ऑफ कमीशनर्स को उत्तरदायी है।

बैंक ऑफ इंडोनेशिया के अनुसार बैंक ने ८ (आठ) प्रकार के जोखिमों को संभाला है। ऋण जोखिम, चलनिधि जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम, अनुपालन जोखिम, विधि जोखिम, जोखिम के साथ संभाव्य जोखिम वाली गतिविधियाँ जो बैंक की कारोबार निरन्तरता को खंडित करती है । जोखिम प्रकार का आकलन किसी भी कार्यात्मक गतिविधि (निहित जोखिम) और जोखिम नियंत्रण प्रणाली में निहित जोखिमों का संयोजन है।

बैंक नए ऋणों का अनुमोदन करने में चयनात्मक बरने में चयानात्मक है और नियामक द्वारा आवश्यक ऋण के प्रावधान से अधिक बनाए रखता है।

संपार्श्विक आधारित उधार में, संपार्श्विक के मूल्य पर हेयरकट लगाई जाती है। बैंक को जोखिम अधिकारी निदेशक अनुपालन को रिपोर्ट करता है। . जोखिम प्रबंधन इकाई (आरएमयू) ऋण अनुमोदन प्रक्रिया की देखभाल/ निगरानी रखते हैं।

ग. बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. एवं बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैंड) लि. (अनुषंगी), बैंक ऑफ इंडिया (युगांडा) लि. और बैंक ऑफ़ इंडिया (बोटस्वाना) लि.

मासिक आधार पर ब्याज लगाया जाना, मानक आस्तियों में संभाव्य ऋण चूक या व्यतिक्रम से निपटने का एक उपयोगी साधन बन गया है। आस्ति की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु बैंक ने निम्नलिखित नीति अपनाई है जिस पर शाखाओं को तुरंत अमल करना चाहिए और :-

i. उधारकर्ता के साथ सक्रिय अनुवर्ती कार्रवाई के माध्यम से अतिदेय या कम से कम संकटपूर्ण राशि को वसूल करना।

ii. अस्थायी बेमेल रोकड़ प्रवाह के मामलों में खातों में परिचालन को बनाए रखना।

iii. अपेक्षित नकदी प्रवाह के अनुसार चुकौती मीयाद को पुनर्निर्धारित करना।

iv. पुनर्रचना नीति में दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार नकदी प्रवाह में यदि कोई अंतर हो तो अपेक्षित नकदी प्रवाह को दृष्टिगत रखते हुए देय राशि की पुनर्रचना की जाए।

एनपीए होने से पहले खातों में बैंक द्वारा उपरोक्त में एक या अधिक कार्रवाई की गई है।

➢ **विशेषकर उल्लिखित खाते/एनपीए खातों के अनुवर्तन हेतु उपाय**

एनपीए की निगरानी/निवारण हेतु सामान्यत: बैंक में उपलब्ध विभिन्न उपाय नीचे सूचीबद्ध किए गए हैं :-

i. एनपीए होने से पहले खाता ड(विशेष रूप से उल्लिखित खाता (एसएमए).

क. आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्वीकृत अवधि के अनुपालन हेतु सघन निगरानी।

ख. जहाँ भी अनियमितताएँ पाई गई है वहां तत्परता से अनुस्मारकों का भेजा जाना।

ग. एनपीए प्रवर्ग में खाते का न जाना सुनिश्चित करने हेतु तुरंत अतिदेयों की वसूली करना।

घ. वित्तीय डाटा के विश्लेषण के साथ इकाई का आवधिक निरीक्षण एवं आस्ति प्रभार।

ड. खातों को एनपीए होने से पहले प्राप्य राशियों को पुनर्संरचित करना, अधिस्थगन अवधि, ब्याज निधि एवं किश्तों के आस्थगन की वृद्धि सहित सुधारात्मक कार्रवाई।

ii. एनपीए होने के बाद खाता बैंक की प्राप्य राशियों की वसूली हेतु निम्न उपाय किए जाने चाहिए।

एनपीएज़ के समाधान हेतु निम्नलिखित उपायों का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जाना चाहिए :-

1. बकाया को कम करने हेतु अर्थ सुलभ प्रतिभूतियों (टीडीआर, शेयर, मार्जिन राशि आदि) एवं गिरवी वस्तुओं का विनियोजन
2. उधारकर्ताओं के सहयोग से अन्य प्रतिभूतियों का निपटान
3. समझौता वार्ता के माध्यम से प्राप्य राशियों का समझौता निपटान
4. अग्रिम को रीकॉल करना
5. अदालत में मुकदमा दाखिल - डिक्री निष्पादन
6. अंत में, प्राप्य राशियों की वसूली हेतु सभी उपाय करने के पश्चात्, हम शेष प्राप्य राशियों को बट्टे खाते डाल सकते हैं। एनपीएज़् के समाधान हेतु इन सभी उपायों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना चाहिए।

मात्रात्मक प्रकटन

ए. कुल सकल ऋण जोखिम निम्नानुसार

प्रवर्ग	राशि मिलियन रुपयों में
निधि आधारित	41,17,189.52
गैर-निधि आधारित *	6,50,777.91

* क्रेडिट छोड़कर डेरिवेवस के समतुल्य

बी. जोखिम का भौगोलिक वितरण:

(रु. मिलियन में)

	स्वदेशी	विदेशी
निधि आधारित	30,11,770.88	11,05,418.64
गैर-निधि आधारित	6,00,957.20	49,820.71

सी. उद्योगवार जोखिम का वितरण निम्नलिखित है :

उद्योग का नाम	निधि आधारित (बकाया राशि) राशि मिलियन में	गैर निधि आधारित (बकाया राशि) राशि मिलियन में
कोयला	1,364.05	89,249.21
खदान	31,257.88	-
लौह एवं इस्पात	1,18,395.42	4,015.04
अन्य धातु एवं धातु उत्पाद	34,409.01	7,515.37
सभी इंजीनियरिंग	16,887.54	14,033.09
जिसमें से इलेक्ट्रॉनिक्स	2,444.75	2,348.61
विद्युत	2,94,526.42	
सूती वस्त्र उद्योग	45,124.90	6,222.80
जूट वस्त्र उद्योग	1,189.61	335.14
अन्य वस्त्र उद्योग	44,991.66	4,923.27
चीनी	17,319.98	700.93
चाय	16.39	38.41
खाद्य प्रसंस्करण	20,964.76	7,161.25
वनस्पति तेल एवं वनस्पति	8,317.73	9,619.22
तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद	8,319.61	785.25

पेपर एवं पेपर उत्पाद	13,111.30	949.61
रबर एवं रबर उत्पाद	21,287.41	8,933.75
केमिकल, डाई, पेंट्स आदि	44,749.66	15,277.88
जिसमें से फर्टिलाइजर्स	4,280.21	1,720.15
जिसमें से पेट्रोकेमिकल्स	12,678.79	5,365.60
जिसमें से ड्रग्ज और फार्मास्युटिकल्स	14,789.82	3,466.25
सीमेंट	11,935.33	864.30
चर्म एवं चर्म उत्पाद	3,939.67	713.15
रत्न एवं आभूषण	93,449.69	3,200.70
निर्माण	28,487.87	19,409.54
पेट्रोलियम	49,933.32	20,854.55
ऑटोमोबाइल्स, ट्रक सहित	27,903.51	3,404.24
कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर	-	-
आधारभूत संरचना*	4,47,186.70	96,124.45
जिसमें से पॉवर	2,94,766.81	46,971.49
जिसमें से दूरसंचार	5,192.74	184.15
जिसमें से सड़के और पत्तन	1,02,395.27	25,000.46
अन्य उद्योग	82,599.75	1,47,679.88
शेष अन्य अग्रिम(सकल अग्रिमों सहित तुलन के लिए)	29,44,046.77	1,88,766.89
कुल	41,17,189.52	6,50,777.91
▹ **बुनियादी संरचना क्षेत्र के 10.86% के दर से एक्सपोज़र कुल निधि आधारित अग्रिमों के 5% से अधिक है**		
▹ **बुनियादी संरचना क्षेत्र को एक्सपोज़र कुल गैर-निधि आधारित बकाया के 14.77% के दर से**		

डी. आस्तियों का शेष संविदात्मक परिपक्वता विश्लेषण निम्नलिखित है:

(₹ मिलियन में)

	अग्रिम*	निवेश (सकल)	विदेशी मुद्रा आस्तियाँ *
अगले दिन	116,217.34	278,174.59	60,120.80
2 - 7 दिन	92,530.37	21,855.79	38,964.40
8 -14 दिन	119,266.04	33,087.78	53,408.63
15 - 28 दिन	139,531.06	24,985.75	193,045.33
29 दिन - 3 माह	365,154.87	56,420.33	324,844.22
> 3 माह - 6 माह	247,030.16	38,223.49	222,610.25
> 6 माह - 1 वर्ष	269,996.51	95,957.93	150,858.00
> 1 वर्ष - 3 वर्ष	602,212.37	221,967.33	175,157.23
> 3 वर्ष - 5 वर्ष	595,425.49	182,057.34	105,962.14
> 5 वर्ष	1,285,256.57	349,236.93	105,056.64
कुल...	**3,832,620.78**	**1,301,967.26**	**1,430,027.64**

*** आँकड़े निवल आधार पर दर्शाए गए हैं।**

ई. सकल एनपीए इस प्रकार हैं -

प्रवर्ग	(रु. मिलियन में)
अवमानक	1,08,626.74
संदिग्ध-1	1,24,952.78
संदिग्ध - 2	2,36,146.35
संदिग्ध - 3	27,708.97
हानि	25,307.52
कुल...	5,22,742.36

एफ. निवल एनपीए की राशि रू. 253050.30 मिलियन है।

जी. एनपीए अनुपात निम्नानुसार है :

- सकल अग्रिमों पर सकल एनपीए : 13.22%
- निवल अग्रिमों पर निवल एनपीए : 6.90%

एच. सकल एनपीए का उतार चढ़ाव निम्नप्रकार है :

(रु. मिलियन में)

i) वर्ष के प्रारंभ में अथ शेष	5,02,685.95
ii) वर्ष के दौरान किया गया परिवर्धन	2,04,329.98
iii) वर्ष के दौरान की गई कटौती	1,84,273.53
iv) वर्षान्त मे इतिशेष (i + ii + iii)	5,22,742.40

आई. एनपीए हेतु प्रावधानों का उतार चढ़ाव निम्नानुसार है : (रु. मिलियन में)

i) वर्ष के प्रारंभ में प्रारंभिक शेष (फ्लोटिंग प्रावधान को छोड़कर)	2,02,869.62
ii) वर्ष के दौरान किये गए प्रावधान	84,115.44
iii) अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन/बट्टे खाते में डालना	38,421.73
iv) वर्षान्त मे इतिशेष (i + ii + iii)	2,48,563.33

जे. अनर्जक आस्ति निवेश की राशि रू 10669.76 मिलियन है।

के. अनर्जक आस्ति निवेश हेतु किए गए प्रावधान की राशि रू 7672.04 मिलियन है।

एल. निवेशों पर मूल्यह्रास हेतु प्रावधानों का उतार चढ़ाव निम्न प्रकार है :

(रु. मिलियन में)

i) वर्ष के प्रारंभ में अथ शेष	14,577.69
ii) वर्ष के दौरान किये गए प्रावधान	4,342.91
iii) अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन/बट्टे खाते में डालना	3,133.40
iv)	(427.60)
v) वर्षान्त में इतिशेष (i + ii + iii + iv)	15,359.61

एम. एनपीए और बैंक ऑफ़ इंडिया के लिए प्रमुख उद्योग या प्रतिपक्ष प्रकार द्वारा किया गया प्रावधान (सोलो) :

उद्योग का नाम	**एनपीए मिलियन रुपयों में**	**प्रावधान मिलियन रुपयों में**
कोयला	367.30	141.20
खदान	4,679.90	3,072.20
लौह एवं इस्पात	81,619.60	32,302.70

उद्योग का नाम	एनपीए मिलियन रुपयों में	प्रावधान मिलियन रुपयों में
अन्य धातु एवं धातु उत्पाद	13,965.70	6,478.20
सभी इंजीनियरिंग	3,511.80	1,295.90
जिसमें से इलेक्ट्रॉनिक्स	783.60	403.70
विद्युत	24,535.00	12,089.50
सूती वस्त्र उद्योग	11,796.30	4,470.80
जूट वस्त्र उद्योग	697.80	483.90
अन्य वस्त्र उद्योग	12,483.00	4,900.10
चीनी	845.50	199.60
चाय	-	-
खाद्य प्रसंस्करण	9,280.70	2,325.40
वनस्पति तेल एवं वनस्पति	5,789.00	2,441.60
तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद	3,448.10	1,041.80
पेपर एवं पेपर उत्पाद	3,876.10	1,341.70
रबर एवं रबर उत्पाद	2,531.90	847.00
केमिकल, डाई, पेंट्स आदि	7,910.90	2,683.30
जिसमें से फर्टिलाइजर्स	23.70	4.30
जिसमें से पेट्रोकेमिकल्स	3,379.20	1,014.00
जिसमें से ड्रग्ज और फार्मास्युटिकल्स	3,293.90	1,189.20
सीमेंट	2,459.80	832.00
चर्म एवं चर्म उत्पाद	434.20	122.40
रत्न एवं आभूषण	21,775.90	5,759.30
निर्माण	6,465.90	1,751.90
पेट्रोलियम	4,536.20	1,699.00
ऑटोमोबाइल्स, ट्रक सहित	15,817.70	7,736.70
कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर	-	-
आधारभूत संरचनाङ	54,816.00	28,529.50
जिसमें से पॉवर	24,535.00	12,089.50
जिसमें से दूरसंचार	1,069.30	532.30
जिसमें से सड़के और पत्तन	15,758.60	7,646.50
अन्य उद्योग	45,511.00	25,139.50
शेष अन्य अग्रिम(सकल अग्रिमों सहित तुलन के लिए)	205,824.56	86,175.90
कुल	520,444.86	221,771.60

एन. भूगोलवार एनपीए एनपीए एवं प्रावधान (बैंक ऑफ़ इंडिया के लिए सोलो)

(राशि मिलियन रुपयों में)

	घरेलू	विदेशी	कुल
सकल एनपीए	427,242.90	93,201.96	520,444.86
एनपीए हेतु प्रावधान	205,894.80	15,876.80	221,771.60

तालिका डीएफ-4
ऋण जोखिम : मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन संविभागों हेतु प्रकटीकरण

i. गुणात्मक प्रकटीकरण

क. मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत संविभागों के लिए

- **किसी भी परिवर्तन हेतु कारणों सहित, उपयोग की गई ऋण श्रेणी निर्धारण एजेन्सियों का नाम**
- **ऋण जोखिम के प्रकार जिसके लिए प्रत्येक एजेन्सी का उपयोग किया गया है; एवं**
- **बैंकिंग बही में लोक निर्गम श्रेणी निर्धारण का तुलनीय आस्तियों में अंतरण हेतु प्रयुक्त की गई प्रक्रिया का वर्णन।**

ए. बैंक ऑफ इंडिया

1. बैंक ने सीआरएआर गणनाओं हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत जोखिम भार के लिए निम्नलिखित ऋण श्रेणी निर्धारण एजेंसियों की सामान्य श्रेणी निर्धारण के उपयोग किए जाने हेतु अनुमोदन किया है। स्वदेशी दावों के लिए सीआरआईएसआईएल, आईसीआरए, इंडिया रेटिंग्स, ब्रीकवर्क, एसएमईआरए एवं सीएआर्तथा अनिवासी कार्पोरेट्स, विदेशी बैंको एवं विदेशी प्रभुसत्ता पर दावों के लिए एस एंड पी, फिच एवं मूडी। एसएमई श्रेणी निर्धारण का उपयोग नहीं किया जा रहा है, क्योंकि उन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है।

2. इन सभी एजन्सियों के श्रेणी निर्धारण का उपयोग, बासेल-II के अंतर्गत सीआरएआर गणनाओं हेतु मानकीकृत दृष्टिकोणान्तर्गत, श्रेणीकरण के अधीन समस्त ऋण जोखिमों के जोखिम भार प्रयोजनार्थ किया जा रहा है।

   बैंकिंग बही में तुलनीय आस्तियों पर सार्वजनिक निर्गम श्रेणी निर्धारण अंतरण हेतु प्रयुक्त प्रक्रिया आरबीआई की नियामक आवश्यकताओं के अनुसार है। श्रेणी निर्धारक एजेन्सियों द्वारा उनकी वेबसाइट पर प्रकाशित की गई लोक श्रेणी निर्धारण इस प्रयोजनार्थ उपयोग की गई है। श्रेणी निर्धारण जो केवल संबद्ध श्रेणी निर्धारण एजेन्सी के मासिक बुलेटिन के अनुसार प्रभावी है एवं पूर्व 15 महीनों के दौरान कम से कम एक बार पुनरीक्षित की गई है, का उपयोग किया जाता है।

   विशेष दूसरे पक्ष पर समस्त ऋण जोखिमों के लिए बैंक द्वारा श्रेणी निर्धारण के लिए केवल एक ही एजेन्सी का प्रयोग किया जाता है, यद्यपि इस अपवाद सहित कि जहाँ केवल एक अनुमोदित श्रेणी निर्धारण एजेन्सी द्वारा ऋण जोखिमों का एक से अधिक बार श्रेणी निर्धारण किया जाता है।

3. जोखिम भार प्रयोजनार्थ पात्रता के लिए, यह सुनिश्चित किया जाता है कि, बाह्य ऋण निर्धारण पर विचार किया जाता है एवं बैंक द्वारा भुगतान की गई संपूर्ण ऋण राशि के संबंध में ऋण जोखिम को प्रतिबिंबित करें। एक ही पार्टी के दूसरे पक्ष को किसी अन्य ऋण जोखिम के लिए विशिष्ट श्रेणी निर्धारण एक निर्गमकर्ता या निर्गम को विस्तारित करते समय, यह ऋण जोखिम एक्सपोजर की संपूर्ण राशि के लिए विस्तारित की जाती है, अर्थात दोनों मूल राशि एवं ब्याज हेतु। एक कार्पोरेट समूह के अंतर्गत एक कंपनी के बाह्य निर्धारण का उपयोग जोखिम भार हेतु उसी समूह की अन्य कंपनियों के लिए नहीं होता है।

4. उन आस्तियों के लिए जिनकी संविदागत परिपक्वता एक वर्ष से कम या एक वर्ष के बराबर होती है, अल्पावधि श्रेणी निर्धारण का उपयोग किया जाता है, जबकि अन्य आस्तियों के लिए दीर्घावधि श्रेणी निर्धारण प्रयोग की जाती है। नकद उधार एक्सपोज़र के लिए दीर्घ अवधि श्रेणी निर्धारण ली जाती है।

5. जहाँ एक जारीकर्ता की बाह्य दीर्घावधि श्रेणी निर्धारण सहित दीर्घावधि एक्सपोज़र है जो 150% जोखिम भारिता का समर्थन करता है, तथा उसी काउन्टरपार्टी के सभी अमूल्यांकित दावे चाहे वह अल्पावधि की हो अथवा दीर्घावधि की हो, भी 150% जोखिम भारिता वहन करती है, सिवाय उसके जहाँ ऋण जोखिम घटाव तकनीक इन दावों के लिए प्रयोग किया जाता है। अल्पावधि श्रेणी निर्धारण के मामले भी एकसमान होंगे ।

6. दीर्घावधि एक्सपोज़र हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत जोखिम भारिता का सीधा आकलन अनुमोदित रेटिंग एजेन्सियों द्वारा दीर्घावधि श्रेणी निर्धारण समनुदेशित किया जाता है। इसके विपरीत, प्रतिपक्ष का अमूल्यांकित अल्पावधि दावा उसके प्रतिपक्ष के मूल्यांकित अल्पावधि दावो पर लागू जोखिम भारिता से कम से कम एक स्तर ज्यादा जोखिम भारिता वहन करता है। बैंकों तथा निगमों के विरुद्ध मूल्यांकित सुविधा से उत्पन्न दावों हेतु जोखिम भारिता निर्गम विशिष्ट अल्पावधि मूल्यांकन जनित है जो अमूल्यांकित दीर्घावधि दावों हेतु जोखिम भारिता का समर्थन नहीं करता है।

7. यदि योग्य ऋण निर्धारण एजेन्सियों द्वारा दो निर्धारण दिए जाते हैं जो विभिन्न ऋण भारिता दर्शा रहा है तो वहाँ उच्च जोखिम भारिता लागू होगा। यदि योग्य ऋण निर्धारण एजेंसियों द्वारा तीन या उससे अधिक मूल्यांकन विभिन्न जोखिम भारिता दर्शा रहे हैं तब दो न्यूनतम जोखिम भारिता का परवर्ती मूल्यांकन संदर्भित किया जाता है तथा उन दोनों जोखिम भारिताओं में से उच्च जोखिम भारिता लागू होता है यथा द्वितीय न्यूनतम जोखिम भारिता ।

8. निवेश दावे का आर डब्ल्यू चयनित ऋण निर्धारण एजेन्सी द्वारा विशिष्ट श्रेणी निर्धारण पर आधारित होता है, जहाँ एक विशिष्ट निर्धारित निर्गम में दावा एक निवेश नहीं होता है:

   i) विशिष्ट उधार (जहाँ जोखिम भार में श्रेणी निर्धारण का आकलन, जो अमूल्यांकित दावे पर लागू से कम हो) पर लागू श्रेणी निर्धारण बैंक के केवल अनिर्धारित दावे पर लागू होती है। यदि यह दावा समरूप श्रेणी अथवा सभी दृष्टि से विशेष दर आधारित उधार से वरीय हो एवं जहाँ दर आधारित दावा लघु अवधि दायित्व होता है, को छोड़कर अनिर्धारित दावे की परिपक्वता, दर आधारित दावे की परिपक्वता के बाद न आती हो।

   ii) यदि निर्गमकर्ता अथवा एकल निर्गम की श्रेणी निर्धारित की गई हो, जो गैर निर्धारित दावों पर लागू की जाती है, के जोखिम भार के बराबर हो अथवा उच्चतर हो, वही दूसरे पक्ष पर गैर निर्धारित दावे, वही जोखिम भार का निर्धारण किया जाता है, जैसा कि दर आधारित एक्सपोज़र में लागू होता है, यदि सभी दृष्टि से यह दावा दर आधारित ऋण जोखिम से समरूप या कनिष्ठ श्रेणी का हो।

बी: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

देश में मौजूदा मानदंडो के अनुसार कोई भी बाह्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा क्रेडिट रेटिंग किया जाना अपेक्षित नहीं है।

सी : बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानियां) लि. बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि तथा बैंक ऑफ इंडिया (बोतस्वाना) लि.

देश में मौजूदा मानदंडो के अनुसार कोई भी बाह्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा क्रेडिट रेटिंग किया जाना अपेक्षित नहीं है। देश में कोई भी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी परिचालन /कार्यरत नहीं है।

डी : बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि. (अनुषंगी)

आवश्यक्तानुसार तिमाही के आधार पर सामान्य प्रकटीकरण विवरणी द्वारा ऋण जोखिम का प्रकटीकरण किया जाता है ।

मात्रात्मक प्रकटीकरण:

(रुपये मिलियन में)

मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन जोखिम के कम होने के पश्चात एक्सपोज़र की राशि के लिए बैंक की बकाया राशि (दर आधारित एवं गैर दर आधारित) निम्नलिखित तीन बृहत जोखिम क्षेत्रों एवं जिनकी कटौती की जाती है उन क्षेत्रों; का मात्रात्मक प्रकटीकरण किया जाता है।	
बैंक का (मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन) बीओआई सोलो का कुल ऋण (बाजार से संबद्ध तुलन पत्र मदों को छोड़कर) जोखिम के अंतर्गत वर्गीकृत प्रमुख जोखिम क्षेत्र निम्नानुसार है:-	
100% जोखिम भार से कम	49,64,784.73
100% जोखिम भार	14,99,987.87
100% से अधिक जोखिम भार	4,71,774.08
कटौती	

तालिका डीएफ-5
ऋण जोखिम न्यूनीकरण : मानकीकृत दृष्टिकोण हेतु प्रकटन

i. गुणात्मक प्रकटन

(1) ऋण जोखिम न्यूनीकरण के संबंध में सामान्य गुणात्मक प्रकटन आवश्यकताओं में यह शामिल है:

क) ऑन एंड ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग के लिए नीतियाँ और प्रक्रियाएँ और बैंक द्वारा इंका किस हद तक प्रयोग किया जाता है उसका संकेत ;

- संपार्श्विक मूल्यांकन एवं प्रबंधन हेतु नीतियाँ एवं प्रक्रियाएं;
- बैंक द्वारा लिए गए संपार्श्विक के प्रमुख प्रकारों का विवरण;
- गारंटी कर्ता काउंटर पार्टी के प्रमुख प्रकार और उनकी ऋण पात्रता; एवं
- लिए गए न्यूनीकरण के भीतर (बाजार अथवा ऋण) जोखिम केंद्रीकरण के बारे में सूचना

क: बैंक ऑफ़ इंडिया

1. ऋण जोखिम न्यूनीकरण प्रबंधन का एक अनुकूल साधन है, जो अच्छे एवं बुरे दोनों समय में राजस्व हानि से कंपनी का रक्षण करता है। बैंक उसके दैनिक परिचालनों में आने वाले ऋण जोखिम के प्रभावों को कम करने के लिए विभिन्न पद्धति और तकनीक अपनाता है। ऐसी प्रक्रिया को ऋण जोखिम न्यूनीकरण का नाम दिया गया है और ऋण जोखिम न्यूनीकरण के कुछ

तकनीक को पर्यवेक्षकों द्वारा मूल्य, मुद्रा असंतुलन और परिपक्वता असंतुलन के लिए समायोजन के पश्चात पूंजी प्रभार कटौती करने हेतु उपयोग करने की अनुमति दी गई हैं। नयी पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बासेल ।।) के अंतर्गत पहचाने गए विभिन्न ऋण जोखिम प्रशामक (सीआरएम) निम्नानुसार है:

(1) संपार्श्विकृत संव्यवहार

(2) ऑन - बैलन्स शीट नेटिंग

(3) गारंटियाँ

2. पात्र वित्तीय संपार्श्विक

मानक दृष्टिकोण के अंतर्गत सभी संपार्श्विकों को ऋण जोखिम प्रशामक के रूप में स्वीकारा नहीं गया है। निम्नलिखित वित्तीय संपार्श्विक को स्वीकार किया गया है:

i) नकदी एवं जमाराशियाँ विदेशी मुद्रा की जमाराशियों सहित

ii) स्वर्ण : 99.99३ शुद्धता वाले बेंचमार्क सहित

iii) केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जारी प्रतिभूतियाँ

iv) किसान विकास पत्र और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र

v) जीवन बीमा पॉलिसियाँ

vi) ऋण प्रतिभूतियाँ- श्रेणीकृत शर्तों के अध्यधीन

vii) ऋण प्रतिभूतियाँ-गैर श्रेणीकृत, बैंकों द्वारा जारी, शर्तों के अध्यधीन

viii) म्यूचुअल फंडों की यूनिट शर्तों के अध्यधीन

संपार्श्विक संव्यवहारों के लिए पूंजी सहायता उपलब्ध करने हेतु कतिपय अतिरिक्त मानदंड हैं, जिनका संपार्श्विक के प्रबंधन पर प्रत्यक्ष वहन है और संपार्श्विक प्रबंधन के दौरान इस पहलू का ध्यान रखा जाता है।

3. तुलन पत्र नेटिंग पर

ऑन बैलेंस शीट नेटिंग को ऋणों/अग्रिमों (एक्सपोजर के रूप में माने गए) और जमाराशियों (संपार्श्विक के रूप में) तक सीमित रखा जाए, जहाँ पर दस्तावेजो के सबूतों के साथ विशिष्ट ग्रहणाधिकार सहित बैंक का कानूनी प्रवर्तनीय नेटिंग व्यवस्था है और जिसका नेट आधार पर प्रबंधन किया जाता है।

4. गारंटियाँ

जहाँ प्रत्यक्ष, निर्धारित, अविकल्पी और बिना शर्त गारंटियाँ हो, बैंक पूँजी आवश्यकताओं की गणना करने हेतु ऐसे ऋण संरक्षण को मान सकता है। पात्र गारंटीदाताओं/काउंटर गारंटीदाताओं की श्रेणी में ये शामिल हैं:

i) शासक, शासकीय संस्था (बीआईएस, आइएमएफ, यूरोपियन सेन्ट्रल बैंक और यूरोपियन समुदाय के साथ-साथ कतिपय विनिर्दिष्ट एमडीबी, ईसीजीसी और सीजीटीएसएमई), बैंक और काउंटर पार्टी से अन्य निम्न जोखिम भार सहित बैंक और प्राथमिक व्यापारी;

ii) एए अथवा उससे बेहतर श्रेणी की अन्य संस्थाएं

5. बैंक की सुपरिभाषित संपार्श्विक प्रबंधन नीति है जो संपार्श्विक के सर्वोत्तम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रित फ्रेमवर्क प्रदान करती है। यह उधार में अंतर्निहित ऋण जोखिम के न्यूनीकरण का प्रमुख घटक है। बैंक मूर्त और अमूर्त दोनों प्रकार की प्रतिभूतियाँ स्वीकार करता है। मूर्त प्रतिभूतियाँ या तो भौतिक स्वरूप की होती है अथवा अन्य सामग्री प्रारूप में जैसे कि नकद मार्जिन, बैंक के पास जमाराशियाँ, स्वर्ण अथवा अन्य मूल्यवान धातु, शेयर्स, एनएससी/केवीपी/जीवन बीमा पॉलिसियाँ। अमूर्त प्रतिभूतियाँ हैं – बैंक गारंटियाँ/साख पत्र, बही ऋण, आश्वासन पत्र, नकारात्मक पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र, अपंजीकृत प्रभार इत्यादि। उधार दिए गए धन हेतु प्रतिभूति प्राप्त करने के सामान्य तरीके हैं - बंधक, गिरवी, दृष्टिबंधक और पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र। बैंक द्वारा ऋण एक्सपोजर से सृजित की गई संपत्ति पर प्रथम प्रभार/अथवा समरूप आधार पर सामान्य नियम के अनुसार बैंक का प्रभार दर्ज किया जाए।

सामान्यत जब भी लागू हो/अनुमत होने पर गारंटी का आग्रह किया जाए। गारंटीकर्त्ता के प्रमुख प्रकार हैं:-

i) केंद्र/राज्य सरकार और डीआईसीजीसी, सीजीटीएमएसई और ईसीजीसी जैसी केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित एजेन्सियाँ

ii) कारपोरेट्स के प्रोमोटर/प्रमुख स्वामी

iii) व्यक्तियों के मामले में रिश्तेदारों की व्यक्तिगत गारंटी

6. संपार्श्विक प्रबंधन के विभिन्न पहलू इस प्रकार हैं -

संपार्श्विक को स्वीकार करने हेतु न्यूनतम शर्तें: संपार्श्विक को वैध और प्रवर्तनीय बनाने के लिए बैंक यह सुनिश्चित करता है कि संपार्श्विक के रूप में स्वीकार की गई आस्तियाँ बिक्री योग्य, कानूनी प्रवर्तनीय और आवश्यकता पड़ने पर उसको नियंत्रण में लिये जा सकने योग्य है। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आस्ति का बाजार मूल्य सहज निर्धारण योग्य हो अथवा उसे उचित रूप से स्थापित और सत्यापित किया जा सके। आंतरिक नियंत्रण के उद्देश्य से संपार्श्विक के रूप में स्वीकार्य आस्तियों के प्रकार और प्राथमिक प्रतिभूति के रूप में ली जाने वाली इन प्रत्येक आस्तियों के मूल्य अनुपात के अधिकतम ऋण की सूची बैंक के पास है। संपार्श्विक लेते समय बैंक सांविधिक बाध्यताओं का भी ध्यान रखता है।

क) संपार्श्विक की वैधता

i) प्रवर्तनीयता;

बैंक सुनिश्चित करता है कि संपार्श्विक के समर्थन में ऋण दस्तावेजीकरण सभी संबंधित क्षेत्राधिकारों में कानूनी रूप से प्रवर्तनीय हो और उधारकर्ता की बाध्यताओं को विमुक्ति हेतु निर्बाध रूप से संपार्श्विक को लागू करने हेतु बैंक को अधिकार देता हो।

ii) हक और स्वामित्व;

बैंक हमेशा संपार्श्विक के रूप में आस्ति को स्वीकार करने से पूर्व उसके अस्तित्व तथा स्वामित्व का सत्यापन करता है और सुनिश्चित करता है कि किसी अन्य पक्ष का कथित संपार्श्विक पर कोई पूर्व दावा नहीं है। ऋण सुविधा के ड्रॉ डाउन से पूर्व ही बैंक संपार्श्विक के नियंत्रण को सुरक्षित करता है। ऋण जोखिम के प्रबंधन के सरलीकरण के लिए शीर्ष प्रबंधन को संपार्श्विक पर सूचना आवधिक रूप से दी जाती है। संपार्श्विक पर प्रभार तत्परता से, जहाँ भी लागू है, संबंधित प्राधिकारियों के पास पंजीकृत किए जाते हैं।

ख) लोन टू वैल्यू अनुपात

बैंक ने प्राथमिक प्रतिभूति के रूप में स्वीकार की जाने वाली प्रमुख आस्तियों के लिए अधिकतम लोन टू वैल्यू अनुपात (मार्जिन) निर्धारित किया है। ऐसे अनुपात आस्ति के संबंधित जोखिम के आनुपातिक होते हैं और संपार्श्विक की वसूली के समय होनेवाली संभाव्य हानि के विरूद्ध पर्याप्त बफर प्रदान करते हैं।

ग) मूल्यांकन :

बैंक के एक्सपोजर हेतु स्वीकार की गई संपत्तियों के मूल्यांकन के लिए बैंक की बोर्ड अनुमोदित नीति है जिसमें मूल्यांकन का आधार, मूल्यांकक की अर्हता और पूनर्मूल्यांकन की बारंबारता बैंक में अनुपालन हेतु निर्धारित की गई है।

घ) संपार्श्विक को सुरक्षित रखना तथा उसमें पहुँच का नियंत्रण:

संपार्श्विक के स्वीकारने, निगरानी अथवा सुरक्षित अभिरक्षा के अनुमोदन का प्राधिकार और उत्तरदायित्व संबंधित व्यक्तियों और विभागों को दिया गया है।

ङ) संपार्श्विक का प्रतिस्थापन/अतिरिक्त संपार्श्विक

अतिरिक्त संपार्श्विक के अनुरोध की कार्यविधि का स्पष्ट दस्तावेजीकरण किया गया है।

च) बीमा:

सभी पात्र संपार्श्विक, जिन्हे विशेष रूप से छूट दी गई है उन्हें छोड़कर, संबंधित जोखिम हेतु बीमा द्वारा संरक्षित हैं और इसके लिए विस्तृत दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं।

छ) संपार्श्विक की बिक्री:

संपार्श्विक के समय पर परिसमापन के लिए बैंक की सुस्पष्ट और सख्त कार्यविधि है।

ख: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

संपार्श्विक मूल्यांकन हेतु पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके की नीति एवं कार्यविधि है जो बैंक ऑफ़ इंडोनेशिया विनियमन और बंधक ऋण हेतु राष्ट्रीय विवेक पर आधारित है। यदि संपार्श्विक का मूल्य रु.2.79 करोड़ से अधिक है तो संपार्शिक का स्वतंत्र मूल्यांकन किया जाता है। संपार्श्विक के स्वरूप पर आधारित परिसमापन मूल्य की गणना की जाती है। संपार्श्विक मूल्य की प्रत्येक वर्ष समीक्षा की जाती है। भूमि एवं भवन के रूप में प्रमुख रूप से संपार्श्विक स्वीकार किया जाता है। सामान्यता व्यक्तिगत एवं अन्य पक्ष गारंटी नहीं ली जाती। केंद्रीकरण हेतु उधार देने की क्षेत्रीय सीमा निर्धारित की जाती है। बैंक को संपार्श्विक अथवा ऋण जोखिम शामकों की प्रमुख जोखिम की चिंता नहीं है।

ग: बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. और बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैण्ड) लि. (अनुषंगियाँ)

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों; अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टिप्रबंधक प्रभार, शेयर इत्यादि को गिरवी रखकर आदि संपार्श्विक प्राप्त किया जाता है।

नियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उधारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर सीमा निम्नानुसार है।

संपार्श्विक स्थिति	सीमा (कोर पूँजी के ₹ के रूप में)
1) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो	
क) उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव का 125% (पूर्णत: प्रतिभूत)	25
ख) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	10
ग) अप्रतिभूत	5

घ. बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा)लि.

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों; अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टिप्रबंधक प्रभार, शेयर इत्यादि को गिरवी रखकर आदि संपार्श्विक प्राप्त किया जाता है।

नियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उधारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर निम्नानुसार है।

संपार्श्विक स्थिति	सीमा (कोर पूँजी के ₹ के रूप में)
1) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो	एकल उधारकर्ता एक्सपोज़र सीमा, पूंजी के 25% है और इसे बढ़ाकर कोर पूंजी के 50% किया जा सकता है
क) उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव का 125% (पूर्णत: प्रतिभूत)	
ख) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	
ग) अप्रतिभूत	

ङ. बैंक ऑफ़ इंडिया (बोटस्वाना) लि.

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों, अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टिबंदक प्रभार, शेयर इत्यादि को गिरवी रखकर आदि संपार्श्विक प्राप्त किया जाता है।

नियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उदारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर निम्नानुसार हैं:-

संपार्श्विक स्थिति	**सीमा (कोर पूँजी के ₹ के रूप में)**
1) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो	
क) उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% (पूर्णत: प्रतिभूत)	30
ख) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	30
ग) अप्रतिभूत	30

ii. मात्रात्मक प्रकटन :

(क) पृथक रूप से प्रकट प्रत्येक ऋण जोखिम संविभाग के लिए कुल एक्सपोज़र (जहां लागू के बाद ऑन ओर ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग) जो पात्र वित्तीय संपार्श्विक द्वारा कवर की गई है : मार्जिन (हेयर कट) लागू करने के बाद। (बीओआई सोलो)	2,53,773.20
(ख) पृथक रूप से प्रकट प्रत्येक ऋण जोखिम संविभाग के लिए कुल एक्सपोज़र (जहां लागू के बाद ऑन ओर ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग) जो गारंटी/क्रेडिट व्युत्पन्न (जब कभी आरबीआई द्वारा विशेष रूप से अनुमति दी गई है) द्वारा कवर की गई है। (बीओआई सोलो)	2,76,262.10

तालिका डीएफ-6
प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र : मानकीकृत दृष्टिकोण हेतु प्रकटन

i. गुणात्मक प्रकटन

समेकित स्तर पर यथा 31.03.2017 बैंक का कोई प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर नहीं है।

ii. मात्रात्मक प्रकटन :

लागू नहीं

तालिका डीएफ-7
लेन-देन बही में बाजार जोखिम

गुणात्मक प्रकटन :

(क) **मानक दृष्टिकोण को कवर करते हुए पोर्टफोलियों को शामिल करते हुए बाजार जोखिम हेतु सामान्य गुणात्मक प्रकटन आवश्यकता**

ए: बैंक ऑफ़ इंडिया

लेन-देन बही में बैंक निवेशों के "लेन-देन हेतु धारित (एचएफटी) एवं "बिक्री हेतु उपलब्ध (एएफएस) पोर्टफोलियों को धारित करता है। शेष आस्तियों- अर्थात परिपक्वता हेतु धारित पोर्टफोलियों और अग्रिमों के अंतर्गत निवेशों को बैंकिंग बही के रूप में माना जाता है। नीचे बाजार जोखिम प्रबंधन प्रयोजन एवं नीतियों का संक्षिप्त ब्योरा दिया गया है।

(ग) कार्यनीतियाँ एवं प्रक्रियाएं :

बाजार जोखिम प्रबंधन के अंतर्गत चलनिधि जोखिम, ब्याज दर जोखिम, विदेशी विनिमय जोखिम एवं इक्विटी कीमत जोखिम की निगरानी की जाती है। बैंक वर्तमान में जिन्स (कमाडिटी) में लेन-देन नहीं कर रहा है।

ए. चलनिधि जोखिम

चलनिधि जोखिम की निगरानी के लिए गैप विश्लेषण का पाक्षिक आधार पर पालन किया जाता है। संचयी गैप से संचयी आउटफ्लो का प्रतिशत निकालने के लिए विवेकपूर्ण सीमा का उपयोग किया जाता है- 28 दिनों तक के अल्पावधि बकेट के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अध्यधीन निगरानी की जाती है। इसके अतिरिक्त, बाजार उधार -दैनिक एवं औसत मांग उधार, आंतर बैंक देयताएं, खरीदी गयी नीधियां आदि के लिए विवेकपूर्ण सीमाएं काम करती हैं।

ऊँचे मूल्य की एकमुश्त जमाराशियों की निगरानी साप्ताहिक आधार पर की जाती है। अल्पावधि डायनामिक चलनिधि विवरण चलनिधि स्थिति का आकलन करने के लिए पाक्षिक आधार पर तैयार की जाती है जो व्यवसाय वृद्धि को ध्यान में रखकर चलती है। एक आकस्मिक निधि योजना तात्कालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की गयी है। योजना का तिमाही आधार पर परीक्षण किया जाता है। चलनिधि संकट के समय और आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए यदि बाजार से निधि उठाई जानी हो तो बैंक की संभावित हानि का आकलन करने के लिए तिमाही आधार पर स्ट्रेस परीक्षण भी किया जाता है।

बी ब्याज दर जोखिम

पिछले 12 माह के दौरान एवं अगले वित्तीय वर्ष तक बैंक की निवल ब्याज आय पर प्रभाव का आकलन करने के लिए गैप विश्लेषण उपयोग में लिया जाता है। बैंक ड्यूरेशन गैप विश्लेषण का भी उपयोग करता है। देयताओं की अवधि के लिए विवेकपूर्ण सीमाएं नियत की गयी हैं। बैंक के निवेश पोर्टफोलियों की ड्यूरेशन आधार पर निगरानी की जाती है।

एसएलआर एवं गैर एसएलआर (घरेलू) विवेकपूर्ण सीमाओं के अंतर्गत दिनांकित प्रतिभूतियों के लिए वीएआर पद्धति अपनायी जाती है क्योंकि वीएआर के लिए विवेकपूर्ण सीमा नियत की गयी है एवं दैनिक आधार पर निगरानी की जा रही है एवं उच्च प्रबंधन को रिपोर्ट की जा रही है। दिनांकित प्रतिभूतियों में विदेशी निवेश सामान्यतया हैज किए जाते हैं एवं ब्याज दर जोखिम निम्नतम है। विदेशी मुद्रा विनिमय स्थिति में भी वीएआर सीमा नियत की गई है।

इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव का आकलन स्ट्रेस टेस्टिंग से किया जाता है, यह जिसमें 200 बेसिस पाईंट के बाजार दर में परिवर्तन का सॉक लगाकर किया जाता है।

सी. विदेशी विनिमय जोखिम

बैंक ने यूएसडी के साथ अन्य मुद्राओं में एग्रीगेट गैप लिमिट नियत की है । बैंक के विभिन्न मुद्राओं में विदेशी विनिमय एक्सपोजर के लिए अधिकतम डेलाइट एवं ओवरनाइट एक्सपोजर नियत किया है। हमने अवधि वार इंडिविजुअल करेंसी वाइस गैप लिमिट भी नियत किया है इसके अलावा, नुकसान रोक सीमा, लाभ सीमा लेना एवं एकल व्यवहार सीमाएं डीलरों के फोरेक्स परिचालनों पर निगरानी रखने के लिए बनायी गयी हैं।

नेट ओपन पोजीशन हेतु विवेकपूर्ण सीमा नियत करके डेरिवेटिव संव्यवहार की निगरानी की जाती है और बकाया डेरिवेटिव पर पीवी 01 का केप रखा जाता है।

डी. इक्विटी कीमत जोखिम

बैंक की घरेलू निवेश नीति के इक्विटी डीलरों के लिए नुकसान रोक सीमाएं नियत की हैं। कोषागार की दैनिक सीमा, अधिकतम निवेश सीमा , ईक्विटी संविभाग (ट्रेडिंग) के लिए धारण अवधि के संव्यवहारों की उच्चतम प्रबंधन को दैनिक आधार पर रिपोर्टिंग की जाती है।

(i) बाजार जोखिम प्रबंधन कार्य का ढ़ाँचा एवं संगठन:

जोखिम प्रबंधन बोर्ड संचालित कार्य है जिसे तीन स्तरों पर सपोर्ट किया जाता है: देखभाल करने एवं निर्देश जारी करने के लिए बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति, जहाँ कहीं आवश्यक हो/जोखिम प्रबंधन नीतियां आदि अनुमोदित करने के लिए आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) जो नीति विषयों पर विचार करती है एवं एएलएम कक्ष के साथ जमीनी स्तर पर सपोर्ट प्रदान करती है। आस्ति देयता प्रबंधन समितियां विदेशी केन्द्रों में भी परिचालन में हैं।

(ग्ग) जोखिम रिपोर्टिंग का स्कोप एवं प्रकृति और/अथवा मापांकन प्रणाली

स्वदेशी कारोबार के संबंध में बाजार जोखिम का प्रबंधन करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है - जैसे कि मासिक आधार पर ब्याज दर संवेदनशीलता विवरण तैयार किया जाना-दैनिक आधार पर लेन-देन बही में निवेशों का अवधि विश्लेषण-दैनिक आधार पर वीएआर लेन-देन बही निवेश ईक्विटी पोर्टफोलियों को छोड़कर- तिमाही आधार पर तरलता जोखिम/बाजार जोखिम के लिए स्ट्रेस परीक्षण करना, स्वदेशी तुलन पत्र का अवधि विश्लेषण और इक्विटी के आर्थिक मूल्य

पर तिमाही आधार पर प्रभाव पर समीक्षा की जाती है और एएलसीओ द्वारा कार्पोरेट स्तर पर तिमाही आधार पर समीक्षा की जाती है।एएलसीओं द्वारा मासिक आधार पर ब्याज दर संवेदनशीलता की समीक्षा की जाती है।

बाजार उधार लेन-देन के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानर्देशों के अनुरूप तरलता जोखिम की निगरानी के लिए विभिन्न विवेकपूर्ण उपाय किए गए हैं। मासिक आधार पर ढांचागत तरलता विवरणी तैयार की जाती है और पाक्षिक आधार पर अल्पावधि डायनमिक तरलता विवरणी तैयार की जाती है और उच्च प्रबंधन/ एएलसीओं को रिपोर्ट की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों की ढांचागत तरलता कार्पोरेट स्तर पर तिमाही आधार पर की जा रही है।

स्ट्रेस परीक्षण एवं इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव का परिणाम एएलसीओ को रिपोर्ट किया जाता है। लेन-देन बही स्थिति ड्यूरेशन एवं वीएआर दैनिक आधार पर उच्चतम प्रबंधन को रिपोर्ट किया जाता है।

(ग) हैजिंग और/अथवा जोखिम न्यूनीकरण के लिए नीतियां :

आस्ति देयता प्रबंधन एवं बाजार जोखिम प्रबंधन से संबंधित विस्तृत नीतियां कार्यरत हैं जो बाजार जोखिम की निगरानी के लिए विभिन्न रणनीतियों एवं प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डालती है।

(ङ) पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

वाणिज्यिक बैंक के लिए न्यूनतम पूंजी पर्याप्तता आवश्यकता से संबंधित बैंक इंडोनेशिया के विनियमन के अनुसार, पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) के परिकलन हेतु बाज़ार जोखिम के मापन के लिए अनिवार्य श्रेणी में बैंक शामिल नहीं है। यह इसलिए है कि बैंक विदेशी विनिमय बैंक है जिसके ट्रेडिंग बुक में प्रतिभूतियों और/अथवा डेरिविटिव संव्यवहार के रूप में वित्तीय लिखत आईडीआर 20 बिलियन (यूएसडी 1.7 मिलियन अनुमानित) से कम की रकम है।

बी. बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. (अनुषंगी) बीओआई (न्यूजीलैंड)लि. (अनुषंगी), बीओआई (युगांडा) लि. और बीओआई (बोटस्वाना) लि.

क) बाज़ार जोखिम के सामान्य गुणात्मक प्रकटन की आवश्यकता जिसमें मानकीकृत दृष्टिकोण के संविधान भी शामिल है।

i. बाजार जोखिम: ब्याज दर, मुद्रा तथा इक्विटी उत्पाद में खुली स्थिति से बाजार जोखिम उत्पन्न होती है। बोर्ड सीमा निर्धारित करता है तथा जो स्वीकार की जा सकती है, नियमित अंतराल पर उसकी समीक्षा करता है। इसके अतिरिक्त दैनिक आधार पर एक्सपोजर की निगरानी की जाती है।

ii. तरलता जोखिम: ओवरनाइट जमा से नकदी संसाधन, चालू खाते, परिपक्व जमाराशियां, ऋण आहरण और गारंटियों से उपलब्ध नकद स्त्रोतों से दैनिक मांग के लिए तथा मार्जिन और अन्य नकद समझौतों पर मांग से बैंक को नकद आरक्षित रखना पडता है। ऐसे मांग की पूर्ति करने के लिए परिपक्व निधि के उपलब्ध अंश के आधार पर बोर्ड ने उनके अनुभव पर सीमा निर्धारित की है और अंतर बैंक तथा अन्य उधार सुविधा के न्यूनतम स्तर पर जो मांग की अपेक्षित आहरण को कवर कर सके।

iii. ब्याज दर जोखिम- बैंक को उसकी वित्तीय स्थिति तथा नकदी प्रवाह पर प्रचलित बाजार ब्याज दर में उतर चढाव के परिणाम के साथ जुड़ी विभिन्न जोखिमों को उठाना पड़ता है। बैंक को जमा राशि ऋण तथा बाजार प्रवृत्ति के परिवर्तन के अनुरूप दरों को परिवर्तित करने का विवेकाधिकार है। यह उपाय ब्याज दर जोखिम को बैंक एक्सपोजर न्यूनतम रखते है।

iv. मुद्रा जोखिम : बैंक को विदेशी मुद्रा दर में परिवर्तन के कारण वित्तीय लिखत के मूल्य में होने वाले उतार-चढ़ाव की जोखिम उठानी पड़ती है। बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में केवल जितनी आवश्यक मुद्रा की खरीदी तथा बिक्री के आधार तक शामिल रहती है। बैंक विदेशी मुद्रा वायदा बाजार में शामिल नहीं होता है और इस प्रकार जोखिम सीमित हो जाती है।

मात्रात्मक प्रकटन

(₹ मिलियन में)

निम्नलिखित के लिए पूंजी आवश्यकता	
ब्याजदर जोखिम	13,241.09
ईक्विटी स्थिति जोखिम एवं	334.87
विदेशी विनिमय जोखिम	8,092.13

तालिका डीएफ-8
परिचालनात्मक जोखिम

गुणात्मक प्रकटन

साधारण गुणात्मक प्रकटन आवश्यकता के अतिरिक्त जिसके लिए बैंक अर्हता प्राप्त है उस परिचालन जोखिम पूंजी मूल्यांकन हेतु बैंक का (के) दृष्टिकोण ।

ए: बैंक ऑफ़ इंडिया

बैंक जोखिम प्रबंधन की सर्वोत्कृष्ट प्रक्रिया अपनाता है। बैंक कारोबार की विभिन्न पद्धतियों के तहत समस्त आर्थिक उत्पादों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों के परिचालन जोखिम का सतत निर्धारण और अभिनिर्धारण करता है। समस्त नये उत्पाद, गतिविधियाँ और प्रणालियाँ पहले नया उत्पाद समूह और फिर परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (सीओआरएम) के माध्यम से कार्यान्वित होती है। सभी नीतियां बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आर.काम) द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद ही बोर्ड द्वारा अनुमोदित की जाती है। मुख्य जोखिम अधिकारी, आरकॉम के निदेशों को कार्यान्वित करते है और दिन-प्रतिदिन के परिचालन गत जोखिम प्रबंधन की देखभाल करते है।

जोखिम प्रबंधन विभाग, कारोबार परिचालन जोखिम प्रबंधकों (बीओआरएम) तथा परिचालनगत जोखिम प्रबंधन विशेषज्ञ (ओआरएमएस) के नज़दीकी सहयोग से कार्य करता है। बीओआरएम तथा ओआरएमएस की समिति परिचालनगत ज़ोखिम प्रबंधन प्रभाग को आवधिक आधार पर जोखिम और नियंत्रण निर्धारण करना, हानि की रिपोर्टिंग करना तथा की मुख्य जोखिम संकेतक (केआरआर्इ) में सहायता करता है।

अर्धवार्षिक आधार पर लॉस डेटा विश्लेषण के रूप में जोखिम रिपोर्टिंग की जाती है जिससे उच्च जोखिम प्रवणता वाले उत्पाद और कारोबार लाइन का निर्धारण किया जा सके और न्यूनीकरण उपाय अपनाए जा सके। शाखा स्तर के केआरआई और बैंक स्तर के केआरआई को तिमाही आधार पर ट्रैक किया जाता है।सभी बैंक के उत्पादों और प्रक्रियाओं के लिए वार्षिक आधार आरसीएसए कार्रवाई की जाती है।

बैसिक इंडिकेटर दृष्टिकोण द्वारा ऑपरेशनल रिस्क कैपिटल चार्ज की गणना की जाती है। वर्तमान में बैंक ऑपरेशनल रिस्क कैपिटल चार्ज के परिकलन के लिए उन्नत मापन के प्रयास अपना रहा है। परिचालन जोखिम पूंजी प्रभार की गणना के लिए समानान्तर रन के लिए बैंक को द स्टैंडर्डाइज्ड अप्रोच(टीएसए) में माइग्रेट करने के लिए अनुमोदन मिला है । वर्तमान में ये विचार विमर्श स्टार पर है।

बी: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

कार्यों का पृथक्करण, प्रशिक्षण, स्पष्ट रूप से निर्धारित कार्यवाहियां, इत्यादि जैसे परिचालन जोखिम प्रबंधन के लिए बैंक ने श्रेष्ठ प्रक्रिया अपनाई है।

परिचालन जोखिम के प्रबंधन में, नितियों और कार्यविधियों के नियंत्रण और रूटिन पर्यवेक्षण के संदर्भ में प्रत्येक इकाई जिम्मेदार है। अपरिहार्य परिस्थितियों से बचने प्रणाली के लिए उत्पाद का विकास, प्रणाली, मानव संसाधन और अपने ग्राहक को जानिए- से संबंधित क्षेत्र शामिल है।

परिचालन जोखिम को कम करने के लिए बैंक ने संव्यवहार प्रोसेसिंग में नियंत्रण कार्य को बढ़ा दिया है जिसमें संव्यवहार के समय के अंदर पूरा करना, लागू मानकों के अनुवाद लेखांकन पद्धति का समायोजन,ठीक ढ़ग से रिकार्ड का अनुरक्षण, आस्ति तथा डेटा के लिए सुरक्षित ऐक्सेस क्रियान्वित करने हेतु कार्य विधि सुनिश्चित करना है। आंतरिक लेखा परीक्षा इकाई का कार्य जो परिचालन गतिविधियों की नियमित जांच करती है, आवश्यक सुधार को बेहतर बना रही है। बैंक परिचालन जोखिम के परिकलन के लिए बेसिक इंडिकेटर एप्रोच इन रिस्क वेटेड एसेट्स (एटीएमआर) का प्रयोग कर रही है।

बैंक में एक आंतरिक नियंत्रण इकाई भी है जो सुनिश्चित करता है कि सभी कारोबार इकाई बैंक की प्रक्रिया का और साथ ही स्थानीय सरकार के विनियमों का भी अनुपालन करते हैं।

सी: बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. (अनुषंगी) , बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यू. जीलैण्ड) लि. (अनुषंगी) , बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि. और बीओआई (बोत्स्वाना) लि.

परिचालनात्मक जोखिम प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हानि का जोखिम है जो विभिन्न कारणों से उत्पन्न होती है जो बैंक की प्रक्रिया, कार्मिक, प्रौद्योगिकी और आधार संरचना से संबद्ध है और क्रेडिट, बाजार, तरलता जोखिम छोड़कर बाह्य कारक जैसे विधिक और विनियामक जरूरतों और कारपोरेट व्यवहार के आम स्वीकृत मानकों से उत्पन्न होते है। परिचालनात्मक जोखिम बैंक की सभी गतिविधियों से उत्पन्न होती है।

वित्तीय हानि एवं कुल लागत प्रभावशीलता सहित बैंक की प्रतिष्ठा धूमिल होने से बचाव को संतुलित करने और नियंत्रण कार्रवाई जो पहल एवं रचनात्मकता को सीमित करती है, से बचाव के लिए परिचलनात्मक जोखिम का प्रबंध करना बैंक का उद्देश्य है।

परिचालनात्मक जोखिम का ध्यान रखने के लिए प्रबंधन विकास एवं कार्यान्वयन हेतु प्राथमिक उत्तरदायित्व प्रत्येक शाखा स्तर पर वरिष्ठ प्रबंधन हेतु निर्धारत किया गया है। परिचालनात्मक जोखिम के प्रबंधन हेतु कुल मानकों के विकास उत्तरदायित्व में निम्नलिखित क्षेत्रों में सहायक है :-

- संव्यवहार के स्वतंत्र प्राधिकार सहित कार्य के उचित पृथक्करण की आवश्यकता;
- संव्यवहार के समाधान एवं निगरानी की आवश्यकता;
- नियामक एवं अन्य विधिक आवश्यकताओं सहित अनुपालन;
- नियंत्रण एवं प्रक्रिया का प्रलेखीकरण;
- महसूस किए गए परिचालनात्मक जोखिमों के निर्धारण की आवश्यकता तथा पहचान किए गए जोखिमों का ध्यान रखने के लिए नियंत्रण एवं प्रक्रिया की पर्याप्तता;
- परिचालनात्मक हानि की रिपोर्टिंग एवं प्रस्तावित निवारणात्मक कार्रवाई की आवश्यकता;
- आकस्मिकता योजना का विकास;
- प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक विकास;
- नैतिक एवं कारोबार मानक;
- बीमा सहित जोखिम कमी, जहां यह प्रभावी है।

तालिका डीएफ - 9
बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी)

गुणात्मक प्रकटन

क. साधारण गुणात्मक प्रकटन अपेक्षा में आईआरआरबीबी और प्रमुख धारणाओं के ऋण भुगतान और अ-परिपक्व जमा का परिचालन संबंधी धारणाओं का स्वरूप तथा आईआरआरबीबी मापने की बारंबारता शामिल है।

ए: बैंक ऑफ़ इंडिया

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम की आम तौर पर तिमाही आधार पर गणना की जाती है। बैंकिंग बही में परिपक्वता हेतु धारित (एचटीएम) संविभाग में धारण किए सभी अग्रिम और निवेश सम्मिलित है।

कार्यनीति और प्रणालियाँ/संरचना और संगठन/जोखिम रिपोर्टिंग संबंधी कार्यक्षेत्र और स्वरूप/नीतियों आदि वही हैं जो टेबल डीएफ-7 के तहत रिपोर्ट की गई है।

आईआरआरबीबी मेजरमेंट की प्रणाली और प्रमुख धारणाएँ निम्नानुसार है;

- अग्रिमों तथा जमा राशियों, जो बैंक का 100₹ कारोबार कवर करती है, की शेष परिपक्वता पर नेटवर्क की शाखाओं से प्राप्त मासिक सूचना के आधार पर विभिन्न समय बकेट के साथ ब्याज दर संवेदनशील और विभिन्न आस्तियों व देयताओं की शेष परिपक्वता को ध्यान में लेते हुए संवेदनशीलता विवरण तैयार किया जाता है।
- प्रत्येक आस्ति एवं देयता की अवधि, प्रत्येक टाईम बकेट के मध्यबिंदु को परिपक्वता दिनांक के रूप में एवं औसत प्राप्ति को कूपन के रूप में तथा भुनाई प्रयोजन के लिए बाजार दर को लेकर परिचालित की जाती है। निवेशों के लिए, वास्तविक अवधि ली जाती है, जैसा कि डाटा संपूर्ण ब्योरों सहित उपलब्ध रहता है। निवेशों के संबंध में इस प्रयोग के लिए एएफएस एवं एचएफटी संविभागों को अलग रखा जाता है, जैसा कि बैंकिंग बही में आईआरआर पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है।
- उक्त के उपयोग से, प्रत्येक बकेट के लिए देयताओं और आस्तियों की आशोधित अवधि परिकलित की जाती है और ब्याज दर में 1₹ से परिवर्तन के लिए उनके मूल्य पर प्रभाव माना जाता है। उसमें जोड़कर निवल स्थिति परिकलित की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मूल्य में सकारात्मक वृद्धि है या अन्यथा।

धारणाएँ :

i. समस्त टाईम बकेट और समस्त आस्तियों के लिए ब्याज दर सभी समान रूप से चालित होता है।

ii. मांग जमा राशियों-बचत तथा चालू के संदर्भ में इसे भारतीय रिज़र्व बैंक दिशानिर्देशों के अनुसरण में स्ट्रेस परीक्षण पर विभाजित किया जाता है।

iii. आम तौर पर, बैंक आईआरआरबीबी की गणना करते समय कूपन दर/भुनाई दर का चयन/परिपक्वता तारीख के रूप में प्रत्येक टाईम बकेट के मध्यबिंदु, को लेना आदि सहित रिज़र्व बैंक के तनाव परीक्षा संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करता है।

iv. बीपीएलआर लिंकड अग्रिमों/बेस रेट के पुनर्मूल्य निर्धारण को 3 से 6 माह के बकेट में लिया गया है।

